RNI NO. RAJHIN/2013/57419

राजस्थान का सर्वाधिक ई-पेपर दैनिक

# द पुलिस पोस्ट

अंदोलन नहीं अखबार

जयपुर
मंगलवार
24/सितम्बर/2024

वर्ष: 10 : अंक: 156

जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा से प्रसारित

दूरभाष: 01482 : 455184 : पृष्ठ: 08 : मूल्य: 1.50 रुपए

# भजनलाल सरकार ने किया प्रशासनिक बेड़े में बड़ा फेरबदल

## बदला प्रशासनिक अमला: राज्य सरकार ने किए 183 आरएएस के ट्रांसफर

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रशासनिक ढांचे में आमूल चूल परिवर्तन करते हुए आईएएस, आईपीएस के बाद सोमवार देर शाम को 183 आरएएस का तबादला कर दिया है। इस बड़ी लिस्ट में एडीएम और एसडीएम स्तर के अधिकारी बदले गए हैं। कांग्रेस राज के वक्त से लगे हुए अफसरों को कहीं और भेजा गया है। इससे पहले देर रात आईएएस और आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए थे।

### प्रियंका जोधावत संस्कृत शिक्षा निदेशक

सीएम के संयुक्त सचिव जसवंत सिंह का तबादला कर बीकानेर के अतिरिक्त संभागीय आयुक्त के पद पर भेजा गया है। राजेश सिंह को महिला अधिकारिता विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर से राजस्थान पर्यटन विकास निगम के कार्यकारी निदेशक के पद पर पोस्टिंग दी गई है। स्पोट्?र्स काउंसिल के सचिव सुनील भाटी का तबादला हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट में एडिशनल डायरेक्टर के पद पर किया है। वहीं, प्रियंका जोधावत को संस्कृत शिक्षा विभाग के आयुक्त पद की जिम्मेदारी दी गई है।



### पीएचईडी मंत्री के एसए का तबादला

पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी के एसए लोकेश कुमार सहल का तबादला पीएचईडी के संयुक्त सचिव के पद पर किया गया है। पीएचईडी के उप सचिव शंकरलाल सैनी अब कन्हैया लाल चौधरी के नए एसए होंगे।

### सीमा शर्मा संस्कृत विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार

जयपुर शहर उत्तर की एडीएम सीमा शर्मा-1 का तबादला राजस्थान संस्कृत यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार के पद पर किया है।वहीं, बाड़मेर की एडीएम हरीतिमा का तबादला जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार के पद पर किया गया है।

## न्यूज़ इनबॉक्स

### छत्तीसगढ़ में पुलिस मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर



द पुलिस पोस्ट

**नारायणपुर(निसं.)।।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो पुरुष और एक महिला सहित तीन नक्सली मारे गए। साथ ही सुरक्षा बल के जवानों ने एके 47 और गोला-बारूद बरामद किया गया है। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। नारायणपुर अबूझमाड़ के क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर सर्चिंग अभियान पर संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी। सर्चिंग के दौरान सोमवार शाम 4 बजे से लगातार पुलिस पार्टी और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। दो पुरुष और एक महिला नक्सली मुठभेड़ में मारे गए। एके 47 सहित कई अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। सभी जवान सुरक्षित हैं और सर्च अभियान जारी है। इससे पहले सुकमा के चिंतागुफाथाना क्षेत्र के ग्राम तुमालपाड के जंगल में पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान पुलिस ने एक पांच लाख के इनामी नक्सली को ढेर कर दिया था। जवानों ने बड़ी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की थी। सुरक्षाबल के जवान थाना चिंतागुफा क्षेत्र कैंप करीगुड़म से नक्सलियों के कोंटा एरिया कमेटी व पीएलजीएल बटालि यन सदस्यों के उपस्थिति की आसूचना पर नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुए थे।

### इजरायल ने लेबनान के 300 ठिकानों पर



### दागी मिसाइलें

द पुलिस पोस्ट

**लेबनान(ऐजेंसी)।** इस्राइल और लेबनान के बीच लगातार तनाव बढ़ता जा रहा है। हिज्बुल्ला पर दबाव बनाने के लिए इस्राइल ने लेबनान के 300 ठिकानों पर हमला किया है। इस्राइली सेना की ओर यह दावा किया गया है। वहीं लेबनान के अधिकारियों ने बताया कि इस्राइली हवाई हमलों में 100 से अधिक लोगों की मौत हुई है। जबकि 400 लोग घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस्राइली हवाई हमले बिंट जेबिल, एतारौन, मजदल सेलेम, हुला, टूरा, क़लैलेह, हारिस, नबी चित, तरैया, श्मेस्टार, हरबता, लिबबाया और सोहमोर सहित दर्जनों शहरों पर हुए। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र समन्वयक ने कहा कि राजनयिक प्रयासों को सफल होने की गुंजाइश दी जानी चाहिए, क्योंकि दोनों पक्षों के नागरिकों की सुरक्षा

## शेख हसीना पर मुकदमों की झड़ी, इस्तीफे के बाद से अब तक 194 मामले दर्ज



द पुलिस पोस्ट

**ढाका(एजेंसी)।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और 69 अन्य लोगों के खिलाफ एक बुनकर की हत्या समेत कुल 194 मामले दर्ज किए गए हैं। गौरतलब है कि विगत पांच अगस्त को ढाका के कफरुल क्षेत्र में हुए आरक्षण विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बाद बांग्लादेशी सेना के खिलाफ होने पर 76 वर्षीय हसीना को आम चुनाव जीतने के कुछ ही दिनों बाद सत्ता ही नहीं, बल्कि अपनी जान बचाकर अपने बांग्लादेश को भी छोड़कर भारत की शरण में आना पड़ा था। पांच अगस्त के बाद से अब तक शेख हसीना के खिलाफ हत्या के 173 मामलों समेत कुल 194 मामले दर्ज किए गए हैं। 11 मामले मानवता के खिलाफ अपराध व नरसंहार के, तीन मामले अपहरण के, छह हत्या के प्रयास और एक बीएनपी के जुलूस पर हमले का है। ढाका के मजिस्ट्रेट मो.सैफुल इस्लाम की अदालत ने पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर हसीना और अन्य के खिलाफ केस की सुनवाई की। सुनवाई के बाद मजिस्ट्रेट ने पीबीआई को जांच के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा है। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में कहा कि उसके पति मो.फजलू को पांच अगस्त की सुबह मीरपुर में पुलिस लाइन के सामने गोली से मार दिया गया। उसे मेडिकल कॉलेज के अस्पताल ले जाने पर मृत घोषित कर दिया गया है। विगत रविवार को भी शेख हसीना के खिलाफ मदरसों के तीन लड़कों की हत्या के अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

# दिल्ली में 21 राज्यों के किसानों ने फिर भरी हुंकार

द पुलिस पोस्ट

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) के आह्वान पर सोमवार को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में हजारों किसानों की आवाज गूंजी। इस दौरान किसानों की मांगों के प्रति केंद्र सरकार के ढुलमुल रवैये से नाराज अखिल भारतीय किसान महापंचायत ने पूरे देश में आंदोलन करने का एलान किया। इस कड़ी में आगामी 17 नवंबर को लाला लाजपत राय की बरसी पर किसान पूरे देश में जिला मुख्यालयों का घेराव करेंगे। इसके बाद 26 नवंबर को संयुक्त किसान मोर्चा के साथ मिलकर विरोध दिवस आयोजित किया जाएगा। फरवरी 2025 में किसान सभी प्रदेशों की राजधानियों में राजभवनों के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। एआईकेकेएमएस द्वारा बुलाई गई महापंचायत में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, ओडिशा, कर्नाटक, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे 21 राज्यों के हजारों किसानों और खेत मजदूरों ने शिरकत की। महापंचायत में किसान संगठन के नेता जयकरण माण्डौठी की ओर से पेश मुख्य प्रस्ताव में एमएसपी का कानून बनाने और कृषि उपज की सरकारी खरीद सी2+50 प्रतिशत एमएसपी पर करने, बिजली बिल 2023 को निरस्त करने और स्मार्ट मीटर योजना को वापस लेने, कृषि उपयोगी चीजों को सस्ता करने, जीएम बीजों पर रोक लगाने, ग्रामीण गरीबों को पूरे साल रोजगार और पर्याप्त मजदूरी देने, किसानों को ऋण मुक्त करने, पेंशन देने और सिंघु व टिकरी बॉर्डरों पर किसान शहीद स्मारक बनाने आदि मांगों पर सशक्त आंदोलन तेज करने का संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया। एक अन्य प्रस्ताव पारित कर असम की ब्रह्मपुत्र नदी घाटी में हर साल बाढ़ से होने वाली भीषण तबाही को रोकने की मांग की गई। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की ओर से देश में चार लेबर कोड पर रोक लगाने की मांग का समर्थन किया गया। एआईकेकेएमएस के महासचिव शंकर घोष ने अपने उद्घाटन भाषण में केंद्र की फासीवादी भाजपा सरकार की एकाधिकार पूंजीपति परस्त व किसान -विरोधी नीतियों को किसानों की पीड़ा और कष्टों के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने इनके खिलाफ तत्काल एक शक्तिशाली किसान आंदोलन खड़ा करने पर जोर दिया।



# आखिरकार...जयपुर हैरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर निलंबित

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर(कासं.)।** पट्टा रिश्वत प्रकरण में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मुनेश गुर्जर मेयर जयपुर हेरीटेज के निलंबन पर स्वीकृति प्रदान करते हुए मुनेश गुर्जर को मेयर व पार्षद के पद से निलंबित कर दिया है। आदेश के अनुसार मुनेश गुर्जर महापौर नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से पट्टा जारी करने की एवज में रिश्वत राशि प्राप्त करने से संबंधित प्रकरण में माननीय राज. उच्च न्यायालय की ओर से एसबी सिविल रिट पिटीशन सं0 15551/2023 में 1 दिसंबर 2023 को पारित निर्णय की अनुपालना में विभाग ने उपनिदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच अधिकारी ने मुनेश गुर्जर को सुनवाई का अवसर देते हुए रिपोर्ट विभाग को प्रेषित की गई। विभाग को प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर मुनेश गुर्जर, महापौर नगर निगम जयपुर हैरिटेज की ओर से अपने पति सुशील गुर्जर के कहने से पट्टों पर हस्ताक्षर करने, पट्टों के बारें में अपने पति से चर्चा कर उनको लंबिक रखना और पट्टों की एवज में रिश्वत राशि प्राप्त कर हस्ताक्षर करने के आरोप प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित प्रतीत होते हैं।रिपोर्ट में प्रथम दृष्ट्या दोषी पाये जाने पर आरोप विरचित कर, राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 (1) के तहत मुनेश गुर्जर को सुनवाई का अवसर देते हुए विभाग की ओर से स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया गया। मुनेश गुर्जर की ओर से विभागीय स्पष्टीकरण नोटिस का प्रतिउत्तर 23 सितंबर को प्रस्तुत किया गया जो संतोषप्रद नहीं है। प्रश्नगत प्रकरण में विभाग द्वारा मुनेश गुर्जर महापौर नगर निगम जयपुर हैरिटेज के विरूद्ध भ्रष्ट्राचार निरोधक ब्यूरों को 6 सितंबर को अभियोजन स्वीकृति भी जारी की जा चुकी है।



# दुनिया से मानव केंद्रित दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील: पीएम मोदी

द पुलिस पोस्ट

**न्यूयॉर्क(ऐजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संयुक्त राष्ट्र महासभा (हृन्र) के समिट ऑफ द फ्यूचर में कहा कि भारत शांति के लिए ग्लोबल रिफॉर्म का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर मानवता का कल्याण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि शांति के लिए विकास में सुधार जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए मानव केंद्रित दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के भविष्य के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को पूरी दुनिया के साथ साझा करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने कहा, जून में अभी-अभी मानव इतिहास के सबसे बड़े चुनाव में भारत के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है और मैं यहां मानवता के छठे हिस्से की आवाज आप तक पहुंचाने आया हूं। जब हम ग्लोबल फ्यूचर के बारे में बात कर रहे हैं, तो मानव-केंद्रित दृष्टिकोण सर्वप्रथम होनी चाहिए। सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए, हमें मानव कल्याण, भोजन, स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी। हमने भारत में 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर दिखाया है कि सतत विकास सफल हो सकता है। हम सफलता के इस अनुभव को ग्लोबल साउथ के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं। संयुक्त राष्ट्र में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' में पीएम मोदी ने आगे कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। जबकि साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र संघर्ष के नए मोर्चे के रूप में उभर रहे हैं। इन सभी मुद्दों पर वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए संतुलित विनियमन की आवश्यकता है। हमें ऐसे वैश्विक डिजिटल शासन की आवश्यकता है जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रहे।



### मानवता की सफलता सामूहिक शक्ति में निहित है, युद्ध के मैदान में नहीं- पीएम मोदी

संयुक्त राष्ट्र में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मानवता की सफलता हमारी सामूहिक शक्ति में निहित है, युद्ध के मैदान में नहीं। वैश्विक शांति एवं विकास के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार महत्वपूर्ण हैं। सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है। एक तरफ वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए आतंकवाद जैसा बड़ा खतरा है, वहीं दूसरी तरफ साइबर, मैरिटाइम, स्पेस जैसे संघर्ष के नए मैदान बन रहे हैं। इन सभी मुद्दों पर वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' में कहा कि प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए संतुलित विनियमन की आवश्यकता है। हमें ऐसे वैश्विक डिजिटल शासन की आवश्यकता है जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता और अखंडता अक्षुण्य रहे।

# मरूधरा में एक बार फिर लंपी की दस्तक, गोवंश पर ढहा सकता है कहर

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान में एक बार फिर लंपी रोग गोवंशों में सामने आया है। कोटा की गौशाला में नगर निगम की ओर से पकड़े गए 5 गोवंशों में लंपी रोग मिला है. जिसके बाद सभी को पशु चिकित्सालय में इलाज के लिए शिफ्ट किया गया है। लंपी के मामले सामने आने के बाद पशुपालन विभाग सतर्क हो गए हैं। वहीं मवेशियों के आइसोलेशन के लिए गोशाला समिति का निरीक्षण भी किया। दरअसल, कोटा नगर निगम की ओर से आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें तीन दिन में पकड़ कर लाए गए 7 गोवंश में लंपी रोग के लक्षण मिले हैं। लंपी के मामले सामने आने के बाद पशुपालन विभाग बे अलर्ट मोड पर है। विभाग की ओर से एक टीम गठित की गई है, जो कोटा शहर की गोशालाओं में पहुंचकर गोवंश की जांच कर रही है। जो भी गोवंश संक्रमित नजर आ रहे हैं। उसको पशुपालन विभाग की ओर से संचालित किए जा रहे चिकित्सालय में भेजा जा रहा है। अस्पताल में आइसोलेशन के लिए अलग व्यवस्था की गई है। यहां जिन गोवंश का इलाज चल रहा है उनके सैंपल भी लैबोरेट्री की ओर से लिए गए हैं। पिछले कई सालों से मवेशियों का इलाज कर रही डॉक्टर ममता गुप्ता ने बताया कि इस बार जो लक्षण नजर आ रहे हैं। वह पहले सालों के मुकाबले थोड़े हल्के नजर आ रहे हैं। वहीं इसका असर भी उतना प्रभावी नहीं है। लेकिन जो साथ गोवंश संक्रमित पाए गए हैं, उसमें ज्यादातर बड़े गोवंश ना होकर बछड़े संक्रमित हैं और इलाज से इनमें सुधार भी देखा जा रहा है। पशु चिकित्सालय की ओर से अगर गोशाला में अधिक संख्या में लंपी से ग्रसित गोवंश की संख्या में बढ़ोतरी होती है तो गोशालाओं में ही आइसोलेट केंद्र बनाए जाएंगे ताकि उनको वही इलाज किया जा सके।



### पशुपालकों से वैक्सीनेशन करवाने की अपील

गोवंशों का वैक्सीनेशन वैसे तो हर साल किया जाता है। लेकिन इस साल एक बार फिर लंपी की दस्तक से पशुपालन विभाग भी अलर्ट मोड पर है। पशुपालन विभाग की ओर से पशुपालकों से अपील की जा रही है कि जिन पशुपालकों ने अपने गोवंश का वैक्सीनेशन नहीं करवाया है, वह तुरंत इसे करवा लें। साथ ही अगर किसी गोवंश में लंपी के लक्षण नजर आते हैं तो उसको खुला ना छोड़कर उसे आइसोलेट करें।

# रक्षामंत्री राजनाथ ने किया जयपुर में पीपीपी मोड के पहले सैनिक स्कूल का उदघाटन

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर(कासं.)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जयपुर के भवानी निकेतन परिसर में सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया। केंद्र सरकार पीपीपी मोड पर संचालित 100 सैनिक स्कूल देश में खोलने जा रही है। भवानी निकेतन परिसर में खुला यह स्कूल राजस्थान का पहला सैनिक स्कूल होगा जिसका संचालन पीपीपी मॉडल पर किया जाएगा। उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वे खुद शिक्षक रहे हैं। उनके लिए यह बड़े गर्व की बात है कि वे राजस्थान में सैनिक स्कूल का उद्घाटन कर रहे हैं। राजस्थान वीरों की भूमि है। यहां महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान, महाराजा सूरजमल और सवाई जय सिंह जैसे शूरवीरों ने जन्म लिया है। उद्घाटन के दौरान अपना संबोधन देते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सैनिक स्कूलों में पढ़ाई का एक अलग ही माहौल मिलता है। यहां केवल किताबी ज्ञान नहीं दिया जाता बल्कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर अध्ययन कराया जाता है। सबसे खास बात यह भी है कि सैनिक स्कूल में पढ़ने वाला स्टूडेंट कभी अनुशासन नहीं तोड़ता क्योंकि यहां अनुशासन को लेकर उन्हें विशेष ज्ञान दिया जाता है। यही ज्ञान उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाता है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार ने देश में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने की घोषणा की थी। कई देशों में सैनिक स्कूलों की नींव रख दी गई और राजस्थान में अब स्कूल भवन का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि यहां सैनिक स्कूल का उद्घाटन करके वे अपने आप को सौभाग्यशाली मान रहे हैं क्योंकि राजस्थान की संस्कृति की पहचान पूरी दुनिया में है। यहां अध्ययन के साथ साथ संस्कृति का भी बोध कराया जाएगा। अभी तक सैनिक स्कूल केंद्र और राज्य के समन्वित प्रयासों से संचालित होते थे लेकिन अब 100 नये सैनिक स्कूल पीपीपी मॉडल पर संचालित किए जाएंगे। हमारे देश के सैनिक स्कूलों ने बहुत महत्वपूर्ण व्यक्तित्व दिए हैं। यहां के छात्र किसी भी सेक्टर में जाएं। उन्हें अनुशासन हमेशा झलकता है। सैनिक स्कूल के उद्घाटन के मौके पर डिप्टी सीएम दीया कुमारी, कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित कई नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे ।अपने संबोधन में डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने कहा कि उन्हें गर्व है कि वे एक सैनिक की बेटी हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर के भवानी निकेतन परिसर में सभी समाजों के छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। यहां अध्ययनरत छात्र छात्राओं में देशभक्ति की भावना कूट कूट कर भरी है। उन्होंने कहा कि हमारी केंद्र सरकार पूरी तरह से सैनिकों के साथ है। वर्ष 2014 के बाद तो पीएम मोदी और राजनाथ सिंह जी के रूप में देश को मजबूत रक्षा कवच मिले हैं।



## पालिका प्रशासन ने सरकारी भूमि पर दो बडे पट्टे बनाकर दिए सरकार को लगाई बडी चंपत

# पचास लाख मे बेच भी दिए ईन अवैध पट्टे धारीओ ने भष्ट्राचार कर डरते भी नही है अधिकारी व पालिकाध्यक्ष

**सरकारी जमीन 28 सौ फिट के पट्टे जारी किए 7700 फिट का पट्टा बनाने की (साई) पेटे मे एडवांस में ली है**

**क्या पालिका दलालों के भरोसे चलेंगी या पट्टे खारिज करेंगी अब दलालों हाथो धन लेते है पालिका अधिकारी**

## पालिका मे हर वक्त भूमि शाखा रूम में दलाल नजर आते है दो पाँच बाबुओं का विवेक खत्म है इसलिए हर पट्टा दलालों को पुछकर कार्य करते है

द पुलिस पोस्ट













**शिवगंज नगर पालिका** ने एक और बड़ी हद पार कर दी जनता–जनार्दन सुविधा की जमीन पर बना दिया पट्टे कितने पैसे लिए होंगे आप सोचो एक जैन परिवार ने एक माली परिवार को डरा धमका कर पाँच लाख रुपए मे जमीन ली फिर उसी जमीन का पालिका में पट्टे बनाकर दिए फिर उस जैन दंपति ने 25 लॉख रुपए में एक पट्टा बेच दिया और दूसरा भी 30 लॉख में बेंच दिया सरकारी जमीन को लोग बेच रहे हैं जो नियमों के विपरीत है पर इनको कौन समझाए की सरकारी जमीनों पर पट्टे बनाना जेल जाना पड़ता है पर इनको तो क्या पता जेल में भी कोई रिश्तेदारी नजर आती है इसलिए उल्टे सीधे काम करने में पीछे नहीं रह रहे हैं शिवगंज नगर पालिका अधिषाशी अधिकारी वह पालिका अध्यक्ष ने इतने फर्जी पट्टे बना दिए कि जब कारवाई चालू होगी तो उच्च अधिकारी भी विचार करेंगे कि इन्होंने खुद का सोचा ही नहीं सीधा जेल जाने का रास्ता बता दिया क्योंकि पालिका प्रशासन में बाबू लोग वह कोई पार्षद के रिश्तेदार बनकर लोगों से सीधी सेटिंग करके पट्टे बना रहे हैं भूमि शाखा के बाबुओं ने दलाल पाल रखे है उनके कहने पर कार्य करते हैं वह नियमों के विरुद्ध क्या करें पालिका में ठेकेदार बन बैठे पार्षद अपने रिश्तेदारों को पालिका में नौकरी लगाकर लाखों रुपए के बारे न्यारे कर रहे हैं 9 ?10 हजार में नौकरी लाखों रुपए कमा रहे हैं ऐसे के ही पट्टे बना दिए जो पार्टी से सीधा सेट कर सीधा धन वसूल कर रहे हैं और फर्जी पट्टे बनाकर दे रहे इन दो पट्टो में भी यही सुना गया किस पार्टी से पांच लाख रुपए पट्टे बनाने के लिए क्योंकि यह कॉलोनी के नक्शे में ओपन लैण्ड है जो खुली छोड़ी हुई है उसका भी पट्टा इन्होंने जारी कर दिया क्या तकनीकी अधिकारी ने भी बड़ी रकम ऐठी है क्या इन्होंने कॉलोनी के नक्शे को चेक नहीं किया था सीधे ही नाप करके रिपोर्ट बना दी बडी रकम लेकर इन्होंने रिपोर्ट की होगी हो सकता है इसमें नेताओं ने सीधी सेटिंग करके यह पट्टा बनाने का ठेका ले रखा हो क्योंकि जिसने भी जमीन ली है उनको कुछ लॉख देने के बाद मे 40 से 45 लॉख रुपए फोकट के मिल रहे हैं तो वह लोग इन सरकारी कर्मचारी नेताओं और दलालों को रुपया क्यों नहीं देंगे इन सभी की जांच होनी चाहिए या फिर उच्च न्यायालय का सहारा लेना पड़ेगा तब जाकर यह पालिका में बैठे भष्ट्राचारी अधिकारी वह नेताओं सीधे जेल जाएंगे क्योंकि इन्होंने ऐसे ही शिवगंज क्षेत्र के हर इलाके में फर्जी पट्टे बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है इनको सिर्फ धन अच्छा लगा है उन्होंने खुद की नौकरी वह खुद की इज्जत समझ में नहीं आती सीधे जेल का रास्ता खुल्ला कर रहे हैं और पालिका में वहां वालों ने की कोशिश कर रहे हैं इस कांग्रेस बोर्ड ने यहां के कांग्रेस नेता की अगर इन्होंने ईमानदारी से सरकारी पैसा जमा करवा कर पट्टे दिए होते तो जनता इनको वोट देते इन्होंने तो जनता को लूट कर पट्टे बनाएं तब वोट कौन देगा क्योंकि यह लोग कोई भी पट्टा बिना पैसे बनता ही नहीं था और किसी इमानदार आदमी का सही पट्टा होता उसको चक्कर लगवाने में यह पीछे नहीं रहते उस भी कुछ रूपया ज्यादा लेकर पट्टा जारी कर देते सरकार ने 69 क के पट्टे की रेट ?500 रखी थी पर शिवगंज नगर पालिका हर पट्टे की रसीद ?2500 काट रही है और ऊपर का पैसा अलग ले रहे हैं हो रही बात अलग तभी यहाँ की सरकार डूबी है और यहां की जनता ने इनको अपने घर भेज दिया कि जो अब आपकी जरूरत नहीं है भ्रष्टाचारियों को कोई पसंद नहीं करता इन्होंने पट्टा देखो या कुछ भी काम किया है वह बेईमानी वह भ्रष्टाचार करके ही किया क्योंकि इनको ईमानदार आदमी पसंद ही नहीं इन्होंने सरकारी जमीनों को नहीं छोड़ा तो बाकी किसको छोड़ा होगा इसी जमीन के पास में भी एक जैन ने पहले कब्जा किया था वह भी पट्टा बनाने के लिए इनके पीछे चक्कर काट रहा है वह पट्टा भी कभी भी बन जाएगा उसी के सामने एक बड़ी जमीन पड़ी है उसमें 5918 फीट जमीन सरकारी है जो बिलानाम है उसका भी किसी नेता ने ठेका ले लिया वह पट्टा बनाने के लिए ठेकेदारी पक्की कर दी लाखों रुपए लेकर करोड़ों की जमीन फोकट में दे देंगे क्योंकि वहां पर सरकारी स्क्वायर फीट का भाव ?2500 चल रहा है और ?2500 के हिसाब से करोड़ों रुपए बनते हैं जमीन के क्योंकि सरकारी जमीन वह कुएं की जमीन पर पट्टे बनाकर देना यह किस नियम के अधीन आता है इन्होंने राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग के किसी नियम अधिनियम का ध्यान नही रखा है ही नहीं इन्होंने अपना ध्यान दिया धन लिया और पट्टा बनाकर दे दिया रोएगी तो गरीब जनता रोएगी क्योंकि इनको धन चाहिए उसके लिए कुछ भी कर लेंगे यह शांति नगर में दोनों पट्टे तुरंत खारिज होने चाहिए वह शांति नगर के पास में एक जमीन कुएं की वह बिलानाम भूमि है उसकी पत्रावली भी निरस्त करावे अन्यथा कभी भी पट्टा बनाकर दे देंगे और फिर जनता को रोना है क्योंकि यह सेठ लोग सीधे गरीब लोगों को फंसा कर जमीन आगे बेच देते हैं फिर गरीब रोता रहेगा इनहोने पैसा लिया और छोड़ दिया ऐसे ही उनके एक भाई ने महावीर कॉलोनी के पास बड़ी सरकारी जमीन पर चार दिवारी बनाकर रख दी उसे जमीन का भी पट्टा बनाने के लिए पालिका में पत्रावली अपनी धर्मपत्नी के नाम से जमा कर दिए वह जमीन पर पूर्व में पालिका द्वारा अंबेडकर भवन बनाने की तैयारी कर दी थी पर इस सेठ ने पालिका प्रशासन को कुछ धन देकर वह अंबेडकर भवन दूसरी जगह बनाकर लोगों के साथ धोखा कर दिया वह जमीन आज इससे चार दिवारी बनाकर रख दी है कभी भी धोखा करके लोगों को बेच देंगे इन सभी पट्टो को पालिका प्रशासन को खारिज करावे अन्यथा या उच्च अधिकारियों से जांच करवा कर दोषियों को जेल भेजने की तैयारी की जाए भविष्य में फर्जी काम नहीं कर सके ऐसी कार्रवाई होनी चाहिए तब जाकर यह लोग सुधरेंगे

### इनका क्या कहना है

शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र के आखरिया भट्ट के पास शांति नगर कॉलोनी में पालिका की सरकारी भूमि पर पालिका ने दो पट्टे बनाकर दे दिए लाखों रुपए लेकर पट्टे जारी किए पार्टी बड़ी रकम लेकर गरीबों को बेच रही है क्योंकि गरीब लोग फंस गए तो उसका साथ देने वाला कोई नहीं होगा पालिका को तुरंत इन दोनों पट्टो को खारिज करना चाहिए वह दोषियों के विरुद्ध तुरंत करवा करनी चाहिए इसी के पास एक बड़ी जमीन जो 12918 फिट है उसमें से 5918 फीट जमीन सरकारी बिलानाम भूमि है उस पर पालिका को अपने कब्जे में लेकर तुरंत कारवाई करनी चाहिए अन्यथा यह लोग भी आगे बेचकर लोगों के साथ धोखा कर देंगे ईस जमीन पर पालिका को कब्जा करना चाहिए ईन दोनो जमीन पर अतिक्रमण हटाना चाहिए व पहले दो पट्टे बनाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करे व ईस सरकारी जमीन पर हुआ अतिक्रमण हटाना चाहिए ।

**जैसा राम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एवं वन विकास समिति शिवगंज**

शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र में यह सरकारी जमीनों पर पट्टे बनाकर देना पालिका में बैठे बाबूजी वह उनके लोग सीधे पैसे वसूल कर अधिकारियों वह पालिका अध्यक्ष से हस्ताक्षर करवा कर लोगों से बड़ी रकम ऐठ रहे हैं क्यों नहीं इनके विरुद्ध कार्यवाही करके तुरंत ही जितने भी सरकारी जमीनों के पट्टे बने उन सभी को खारिज करावे अन्यथा उच्च अधिकारियों से जांच करवाई जाए और पालिका अध्यक्ष को तुरंत निलंबित करवाया जाए अन्यथा जांच प्रभावित करेंगे या इन पत्रावलियों को जला देंगे की फिर मिलेगी ही नहीं तुरंत इन पत्रावलियों को उच्च अधिकारियों को अपने कब्जे में ले लेनी चाहिए वह इन सभी की जांच कराओ कर तुरंत ही यह पट्टे खारिज होनी चाहिए वह अधिकारी बाबू वह पालिका अध्यक्ष के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाए

**सीमा देवी माली पार्षद नगर पालिका शिवगंज**

पालिका क्षेत्र मे पडी सरकारी जमीन ओपन लैण्ड भूमि पर भूमाफियाओ ने कब्जा कर लिया है जो अतिक्रमण किया उसे पालिका बाबुओं से चेटिग कर पट्टा बनाकर गरीबों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं क्यू की गरीब हमेशा सस्ती जमीन को ढूढता है इसलिए वह फस जाता है शहर मे पडी सरकारी जमीन पर कब्जा करवाकर चार दिवारी या तारबंदी करनी चाहिए जिससे कभी भी भूमाफिया गरीबों के साथ धोखाधड़ी नही कर सके देखते है सरकार कुछ कारवाई करेगी।

**कमलसिह चौहान समाजसेवी गौरक्षक शिवगंज**

# मदरसे को जमीन आवंटन के विरोध में उतरे ग्रामीण:हनुमान चालीसा का पाठ किया

द पुलिस पोस्ट

**उदयपुर।** उदयपुर से करीब 40 किलोमीटर दूर स्थित मावली कस्बे में आज बाजार बंद हैं। बड़ी संख्या में सर्व समाज की अपील पर लोग इकट्ठा हुए हैं। कस्बे में मदरसे के लिए आवंटित जमीन को निरस्त करने की मांग कर रहे हैं। बंद को देखते हुए एहतियात को लेकर वहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं रुऊट को ज्ञापन सौंपने से पहले मावली में सड़क पर लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद मावली पुराना बस स्टैंड से रैली रवाना हुई। रैली मुख्य बाजार होकर होकर मावली एसडीएम कार्यालय पर पहुंची। बाद में एटीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ को प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। मावली पहुंचे चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जनभावनाओं को देखते हुए जहां आवश्यकता नहीं है वहां आज हजारों की संख्या में जनसमूह इस बात के लिए आया है की यह जमीन निरस्त हो। उन्होंने कहा कि ये भाजपा की सरकार है, सनातनी सरकार है, ऐसा कोई काम नहीं होगा जहां आगामी दिनों में कोई इस प्रकार की स्थितियां पैदा हो।

### सांसद बोले– जमीन निरस्त होगी

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि जो पहले आवंटित की थी उसको निरस्त करने का प्रस्ताव भी आगे बढ़ गया है। यहां इस प्रकार की जमीन आवंटन की कोई आवश्यकता नहीं हैं। वे बोले कि फतहनगर में भी कई प्रकार के विषय है जिनका समाधान होगा और निश्चित रूप से यह जमीन निरस्त होगी। इससे पहले ही आज बंद को देखते कई स्कूलों ने पूर्व में ही आज के दिन अवकाश घोषित कर दिया जिससे स्कूल बंद रहे। सर्व समाज ने पुराना बस स्टैंड पर जुटा।

### आसपास के लोग भी शामिल, गांवों में भी बंद

इसमें शामिल होने के लिए मावली तहसील के आसपास के गांवों के लोग भी शामिल हुए हैं। ऐसे में आसपास के गांवों में भी बाजार बंद रखे गए। इसके तहत फतहनगर, सनवाड़, घासा, डबोक, पलानाकंला, खेमली में भी पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से लगाया है। घासा तहसील मुख्यालय के विभिन्न गांव के लोगों ने बंद को समर्थन दिया घासा का बाजार पूरी तरह से बंद है। साथ ही निजी स्कूल बंद रहे वही सरकारी स्कूलों में भी छुट्टी कर दी गई। बाजारों में सन्नाटा छाया है। गांव के युवा एकजुट होकर वाहन रैली निकाल कर मावली पहुंचे।

### विरोध की वजह

पूर्व सरकार ने 2021 में मावली में आराजी संख्या 5330 1745 व आराजी संख्या 5331 1745 के तहत 4 बीघा 16 बिस्वा जमीन मदरसा को आवंटित की थी। इन लोगों का आरोप है कि आवंटित जमीन जलभराव क्षेत्र में होने से अब्दुल रहमान प्रकरण से प्रभावित है। इधर, विरोध और बंद को देखते हुए मावली एसडीएम



मनसुखराम डामोर ने आवंटित जमीन का आवंटन निरस्त करवाने की अनुशंसा कर कलेक्टर को भेज दिया है।

द पुलिस पोस्ट
thepolicepost@gmail.com
thepolicepostbhl@gmail.com



## हाइफा हीरो



प्रथम विश्व युद्ध के दौरान इजरायल के हाइफा में लड़ें गए युद्ध में मारवाड़ की जोधपुर लांसर के युवा अधिकारी लेफ्टिनेंट (तत्पश्चात कैप्टन तथा द्वितीय विश्व युद्ध में मारवाड़ के सैनिकों के मुख्य प्रशिक्षक ) सरदार सिंह सा सैनणी ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए चांदावत राठौड़ वंश सहित अपनी जन्मभूमि सैनणी मारवाड़ को भी गौरवान्वित महसूस कराया था। हाइफा युद्ध की 106 वीं जयंती के अवसर पर हम सभी आपको शत शत नमन वंदन करते हैं।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवियों को दिलाई शपथ



**टोंक-** सोमवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय पीपलू में " स्वच्छता ही सेवा " कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य प्रो.सौलत अली खान द्वारा स्वयंसेविकाओं को शपथ दिलाई गयी। शपथ में अपने आस पास गली, मोहल्ले, गांव व अपने राष्ट्र को स्वच्छ रखने में हमेशा तत्पर रहने का प्रण लिया गया। कार्यक्रम प्रभारी जे पी देवतवाल के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता का कार्य किया गया तथा प्लास्टिक एकत्रित की गई। स्वच्छता कार्यक्रम में समस्त स्वयंसेविकाओं,महाविद्यालय स्टाफ तथा सभी कर्मचारियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्लास्टिक एकत्रित कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर विकास नौटियाल डॉ.धर्मेन्द्र वर्मा, अअड प्रभु लाल शर्मा, प्रयोग शाला सहायक रामकेश मीणा तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे

## संजीवनी विद्यालय में शुरू हुई जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता



**बिजयनगर ब्यावर।** स्थानीय संजीवनी उच्च माध्यमिक विद्यालय मे 68 वीं जिला स्तरीय छात्र एवम छात्रा भारोत्तोलन प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश सेन बताया कि उद्‌?घाटन समारोह की मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष श्रीमती अनिता मेवाड़ा, कार्यक्रम अध्यक्ष बरल सरपंच ज्योति जैन एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती निकिता जाजू प्रन्सलत प्रबंधन समिति सचिव श्रीमती बीना शर्मा एवं लीलावती सेजवानी व सदस्य श्री अशोक शर्मा ने दीप प्रज्वलित यह कार्यक्रम की शुरूआत की मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष मेवाडा ने जीवन में खेलों के महत्व तथा खेलो के द्वारा राष्ट्र निर्माण में योगदान पर बल दिया। कार्यक्रम में सौरभ जैन अरविन्द उपाध्याय परमेन्द्र राठौड सुमित कन्हैयालाल व्यास धर्मराज सोनी श्रीमति रजनी शर्मा, श्रीमती मधु जैन व सोनू उपस्थित रही।

## स्पेक्टिकल कोबरे का तहसील कार्यालय से रेस्क्यू कर सुरक्षित जगह छोडा



**बिजयनगर ब्यावर।**

तहसील कार्यालय बिजयनगर में सांप होने की जानकारी अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सोनू शर्मा ने सुरेंद्र भाटी को दी व सहयोगी के साथ पहुंच कर इलेक्ट्रिक सिटी पेनलो के पीछे स्पेक्टिकल कोबरे जो कि लगभग तीन फीट को बड़े ही सहज भाव से रेस्क्यू कर वहां पर मौजूद तहसील स्टाफ, ग्राम वासियों को सर्प की प्रजाति सर्प की। उपयोगिता के बारे में बताया ग्राम वासीयों को खेतों पर जाते वक्त सेफ्टी शूज, दस्ताने, व लोहे का सरिया का उपयोग करें। साथ ही टॉर्च ले जाएं जहां मेंढक की आवाज आ रही हो, वहां विशेष ध्यान रखें, पानी के मोटर घरो पर पड़े सामान का विशेष ध्यान रखें। तथा उन्हें मारें नहीं यह भी हमारे पर्यावरण का हिस्सा है तहसील स्टाफ ने पुलिस थाना व पुलिस मित्र सुरेंद्र सिंह भाटी का आभार प्रकट किया।

## राइजिंग राजस्थान 2024

# पेट्रोल पम्प एसोसिएशन एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियो के साथ बैठक आयोजित

### नये पेट्रोल पम्प लगाने या उनमें विस्तार करने वाले नये निवेशको के साथ विभाग करें एमओयूः जिला कलक्टर

### राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक एमओयू कराने व जिले में समिट के सफल आयोजन में सहयोग का आह्वान

द पुलिस पोस्ट





**भीलवाड़ा,** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राइजिंग राजस्थान 2024 के संबंध में पेट्रोल पम्प एसोसिएशन एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियो के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र महाप्रबंधक के. के. मीना ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 9-11 दिसंबर 2024 में राजस्थान राइजिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें राज्य में देश- विदेशों के निवेशकों से एमओयू किया जायेंगे।

राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में राइजिंग राजस्थान के जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जावेंगे, जिसके तहत भीलवाड़ा जिलें में भी राइजिंग भीलवाड़ा 2024 का आयोजन दिनांक 09 नवंबर को किये जाना प्रस्तावित है। इसमें भी निवेशकों द्वारा एमओयू किया जायेगा। इन ईकाईयों के प्राथमिकता आधार पर हैण्डहोल्डिंग कर नियमानुसार सरकार की योजनाओं में लाभान्वित कराया जाएगा । इसके अतिरिक्त बजट घोषणा 2024 में भी नई औद्योगिक नीति, राजनिवेश नीति , एक जिला एक उत्पाद नीति, एम एस एम ई नीति लाने की घोषणा की गई है। भीलवाडा जिले में टैक्सटाइल पार्क व नये औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किये जाने की घोषणा की गई है।

जिला कलक्टर ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिये कि नये पेट्रोल पम्प लगाने या उनमें विस्तार करने वाले नये निवेशको के साथ संबंधित विभाग एमओयू करें तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाये। इसके अतिरिक्त सभी औद्योगिक संघों/औद्योगिक संगठनों/उघमियो से बैठक में अधिक से अधिक एम ओ यू कराने व आयोजन के सफल आयोजन में सहयोग करने का आह्वान किया।

बैठक में रसद विभाग , उद्योग एवं वाणिज्य विभाग एवं रीको के अधिकारियों को एमओयू से संबंधित सभी प्रक्रियाए निवेशकों को विस्तार पूर्वक बतायी तथा अधिक से अधिक एमओयू करने का आग्रह किया। बैठक में एडीएम प्रतिभा देवतिया, जिला परिषद् सीईओ चन्द्रभान सिंह, रीको के एजीएम पी आर मीना, रसद अधिकारी ए. के. मिश्र सहित पेट्रोल एसोसिएशन पदाधिकारियों में भारत गैस से श्याम सुंदर , विनोद भण्डारी, इण्डेन गैस से मनसुख गुर्जर, एचपीसीएल से राजकुमार ओझा, बी पी डी एस सचिव अशोक कुमार मून्दडा आदि ने भाग लिया।

## मजाक बन गई नगर परिषद सिरोही

# राजस्व अधिकारी को 15 दिनों का आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भला किसका

### इसे पोपीबाई का राज कहते है





**सिरोही,** आदेशों की प्रतीक्षा में चल रहे राजस्व अधिकारी प्रथम आशुतोष आचार्य को सिरोही नगर परिषद में राजस्व अधिकारी के पद पर पदस्थापन के साथ साथ जिला मुख्यालय की नगर परिषद सिरोही के आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार 15 दिनों तक तुरंत प्रभाव से संम्भालने के दिनांक 21/9/2024 को स्वायत्त शासन विभाग जयपुर के निदेशक ने आदेश जारी किए स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक द्वारा दिनांक 21/9/2024 को जारी आदेश में ही माननीय हाईकोर्ट एस बी सिविल रिट संख्या 2185/2021 में पारित आदेश दिनांक 15/2/2021 का हवाला भी दिया गया आशुतोष आचार्य के राजस्व अधिकारी के पदस्थापन आदेश के साथ अतिरिक्त आयुक्त का कार्यभार 15 दिनों तक देने के साथ 15 दिनों के अतिरिक्त कार्यभार संभाला जाता है तो माननीय हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर आचार्य को व्यक्तिगत जिम्मेदार माना जायेगा हास्यास्पद आदेश है कोई महातत अधिकारी डी एल बी निदेशक के आदेश की अवहेलना कर निर्धारित समय से अधिक काम कर सकते हैं क्या क्यूं नगर परिषद सिरोही 15,15 दिनों का आयुक्त प्रभार ट्रेनिंग सेंटर बनता जा रहा है माननीय हाईकोर्ट से तो आर एम एस के अधिकारियों को लगाने के आदेश पारित किए थे क्यूं भ्रष्टाचार का आरोप झेल रहे व्यक्ति नेताओं अधिकारियों की पहली पसंद बन रहें हैं इससे अच्छा तो प्रकाश डुंडी सुशील पुरोहित इत्यादि को चार्ज दे देते कम से कम जनता के काम तो होते!

## घुमंतू समाज ने की आवास व पट्टा देने की मांग:भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में दिया एसडीएम को ज्ञापन

**चूरू।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया के नेतृत्व में सोमवार दोपहर घुमंतू और अर्द्ध घुमंतू समाज के लोगों ने जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने घुमंतू समाज के लोगों के लिए आवास की व्यवस्था और पट्टा देने की मांग की। उन्होंने बताया कि आजादी के 78 वर्ष बाद भी घुमंतू समाज के लोग झुग्गी झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। चूरू शहर के अग्रसेन नगर के पास अणची देवी, नारुराम, प्रसेता, इंदिरा, शांति देवी, चिड़िया देवी, गवेरी देवी, जैता व रिना सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष सहित काफी संख्या में घुमंतू परिवार के लोग झुग्गी बस्ती बनाकर रह रहे हैं, जबकि राज्य सरकार द्वारा दो अक्टूबर तक सभी लोगों को पट्टे बनाकर आवासीय योजना से लाभान्वित करने का आदेश दिया है। चूरू में आज भी सैंकड़ों परिवार हैं, जो झुग्गियों में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ये लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इस अवसर पर वुणा भाट, बंजारा युवा संस्थान राजस्थान के अध्यक्ष राजूराम, सेठाराम, रमेश, सरदार सिंह और शंकरलाल सहित घुमंतू समाज के अनेक लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले आज आयेंगे प्रांतीय प्रवास पर जोधपुर

द पुलिस पोस्ट



**जोधपुर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबले 5 दिवसीय जोधपुर प्रांत के प्रवास पर आज मंगलवार सुबह जोधपुर आयेंगे । वार्षिक क्रम के प्रांतीय प्रवास पर होसबले जैसलमेर ,बाड़मेर और जालौर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे , प्रांत संघचालक हरदयाल वर्मा के अनुसार 24 सितंबर को जोधपुर पहुंच कर जैसलमेर बाड़मेर के सीमांत क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे , 25 26 सितंबर के अपने जैसलमेर प्रवास में सीमा पर स्थित मां तनोट राय दर्शन, अंतर्राष्ट्रीय सीमा अवलोकन, ग्राम्य क्षेत्र अनुभव , सीमा क्षेत्र में संस्कार व सामाजिक सेवा कार्यों का अवलोकन करेंगे साथ ही स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं, ग्रामीणों से संवाद भी करेंगे वर्मा ने बताया की सेवा भारती, सीमा जनकल्याण समिति ,और स्वयंसेवकों द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में चलने वाले सभी जनकल्याण संबंधी सेवा , चिकित्सा शिक्षा छात्रावासो पाक विस्थापितों और सामाजिक सद्भाव कार्यों पर चर्चा होगी। साथ सीमा जन कल्याण समिति के कार्यकताओं के साथ सरकार्यवाह का संवाद होगा । इसी क्रम में बाड़मेर में भी सीमाजन कल्याण समिति , सेवा भारती, व स्वयंसेवकों द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की जानकारी लेंगे, वहां से जालौर प्रवास के क्रम में प्रांत की संगठनात्मक बैठके अनौपचारिक वाताएं रहेंगी , जिनमे आगामी संघ शताब्दी पर कार्य विस्तार, पंच परिवर्तन, पर बातचीत होगी सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले जी के इस प्रवास में उनके साथ संघ के क्षेत्र , प्रांत के विभिन्न पदाधिकारियो भी उपस्थित साथ रहेंगे ।

# रामगढ़ के दंगल में सुखवंत- आहूजा से ज्यादा सिंघल की चर्चा

द पुलिस पोस्ट



राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर जल्द ही उपचुनाव होने वाले हैं । इसकी घोषणा जल्दी ही केंद्रीय निर्वाचन आयोग की तरफ से किए जाने की संभावना है लेकिन 7 सीटों में से सबसे ज्यादा जिस सीट की चर्चा हो रही है वह सीट अलवर जिले की रामगढ़ विधानसभा सीट है । देशभर में यह सीट दलगत राजनीति से ज्यादा हिंदू और मुस्लिम फैक्टर पर चुनाव के नाम पर जानी जाती है। यहां दोनों ही पार्टियां ध्रुवीकरण को मद्देनजर रखते हुए ही अपने-अपने चेहरे जनता के सामने पेश करती हैं । पिछले 40 साल से कांग्रेस की ओर से हाल ही में दिवंगत हुए वर्तमान विधायक जुबेर खान या उनके परिवार को ही टिकट दिया गया है । भाजपा पिछले तीन चुनाव से यहां प्रत्याशी बदल रही है। वर्ष 2013 में यहां ज्ञान देव आहूजा को प्रत्याशी बनाया गया था। वहीं 2018 में सुखवंत सिंह को तथा 2023 में जय आहूजा को प्रत्याशी बनाया गया था। केवल 2013 में ही भाजपा यहां जीत सकी थी । इसके बाद दोनों चुनाव यहां कांग्रेस ने जीते।

### उपचुनाव में बनवारी लाल सिंघल के नाम की जबरदस्त चर्चा

इस समय रामगढ़ की सीट जिस वजह से चर्चा में है उसका एकमात्र कारण अलवर में हिंदुत्व के फायर ब्रांड नेता माने जाने वाले बनवारी लाल सिंघल है । वे लगातार यहां से दूसरी बार दावेदारी पेश कर रहे हैं। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी उन्हें यहां से उम्मीदवार बनाना चाहती थी लेकिन अलवर शहर से बनवारी लाल सिंघल चुनाव लड़ने के इच्छुक थे जिसकी वजह से पिछली बार भी यहां से टिकट नहीं मिला था। इस बार बनवारी लाल सिंघल के नाम ने रामगढ़ में हलचल बढ़ा दी है। हिंदुत्व का फायर ब्रांड चेहरा माने जाने वाले सिंघल हिंदुत्व पर अक्सर खुलकर बोलते रहे हैं । बनवारी लाल सिंघल अलवर शहर से वर्ष 2008 से लगातार 2018 तक विधायक रहे हैं। दूसरा चुनाव उन्होंने करीब 62000 वोटो से जीता था ।

### 39 साल से सिंघल रामगढ़ में सक्रिय

अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल वर्ष 1985 से ही रामगढ़ में सक्रिय है । बनवारी लाल उस समय यहां से विधायक बने रघुवर दयाल गोयल के चुनाव में चचाओं में आए थे । विश्व हिंदू परिषद में रहते हुए भी रामगढ़ उनकी कर्म भूमि रहा । रामगढ़ में बनवारी लाल सिंघल का अच्छा खासा नेटवर्क है। सिंघल का ससुराल भी रामगढ़ में ही है। विधायक रहते हुए भी रामगढ़ में होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों में बनवारी लाल सिंघल अक्सर भाग लेते रहते थे। यही कारण है कि उपचुनाव की आहट होते ही रामगढ़ के लोगों में बनवारी लाल सिंघल के नाम पर उत्साह बना हुआ है । बताया जा रहा है की का सिंघल का मजबूत कार्यकर्ता नेटवर्क यहां भी अलवर शहर जितना ही है। भारतीय जनता पार्टी के पास सिंघल के रूप में एक मजबूत विकल्प मौजूद है जो की कांग्रेस प्रत्याशी को न केवल कड़ी टक्कर दे सकते हैं बल्कि बीजेपी के लिए 10 साल से वनवास झेल रही रामगढ़ की सीट को भाजपा की झोली में भी डाल सकते हैं।

# सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की जरूरत



आर.के. सिन्हा

**अमेरिका और यूरोप के देशों में शोध कार्यों से जुड़े डॉक्टर जीवन भर सेवा में रहते हैं। जब यह व्यवस्था अन्य देशों में हो सकती है तो फिर भारत में क्यों नहीं। भारत में तो अनुभवी डॉक्टरों की हमेशा ही मांग बनी रहती है। भारत के लिए अपने डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु की समीक्षा करने का समय आ गया है।**

भारत अपने नागरिकों को सेहतमंद रखने के लिए तुरंत एक अहम कदम यह उठा सकता है कि वह केन्द्र और राज्य सरकारों की सेवाओं से जुड़े हुए सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ा दे। पिछले कुछ दशकों में भारतीयों की औसत उम्र में भी लगातार सुधार हो रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत में औसत उम्र का दर 1950 में लगभग 37 वर्ष से बढ़कर अब लगभग 70 वर्ष की हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों की रिटायरमेंट की आयु इन परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई है, पर इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी है। वक्त का तकाजा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को 70 वर्ष तक कर दिया जाए। आपको देश भर में हजारों अनुभवी डॉक्टर मिल जाएंगे जो 70 साल तो छोड़िए 75 और उससे भी अधिक उम्र में प्रैक्टिस कर रहे हैं। राजधानी के राम मनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े हुए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. करौली तो 90 साल की उम्र तक रोगियों को रोज चार- पांच घंटों तक देखा करते थे। वे नेहरू जी से लेकर शास्त्री जी के भी चिकित्सक थे। मुंबई में भी 80 से ज्यादा वसंत देखने के बाद भी मशहूर डॉक्टर डॉ. बी.के. गोयल एक्टिव थे। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण आपको मिल सकते हैं।

भारत में आने वाले सालों में अनेकों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि हर साल देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 हजार से ज्यादा डॉक्टर देश को मिलें। इनके अलावा वे डॉक्टर भी हैं जो भारत के बाहर जाकर मेडिसन की डिग्री लेकर आते हैं। आप मान सकते हैं कि देश के हेल्थ सेक्टर में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि लगातार होती रहेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनि त करना होगा कि अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लाभ देश के हेल्थ सेक्टर को मिलता रहे। यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ.



विनय अग्रवाल मानते हैं कि सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाकर 70 करने से न केवल अनुभवी डॉक्टरों की कमी दूर होगी, बल्कि; युवा चिकित्सकों को जरूरी मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।

दरअसल मेडिसन की दुनिया में अनुभव का बहुत अधिक महत्व होता है। यहां पर जब कोई नौजवान मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेता है, उसके बाद वह अपने अध्यापकों के अलावा वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों के संपर्क में लगातार रहता है मार्गदर्शन के लिए। इसलिए बहुत जरूरी है कि वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लंबे समय तक लाभ उन्हें मिलता रहे जो इस पेशे में आ रहे हैं। वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव और इस पेशे में आए नए डॉक्टर मिल-जुलकर मरीजों के रोगों के उपचार को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस रोशनी में सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाना एक जरूरी कदम हो सकता है। चूंकि डॉक्टर अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देते हैं इसलिए वे 70 साल की उम्र तक तो पूरी तरह से काम करने लायक होते हैं।

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण भागों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। हर रोज राजधानी दिल्ली के एम्स, राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल, गंगा राम अस्पताल वगैरह में हजारों ग्रामीण दूर-दराज के राज्यों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील चलकर दूर आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। इस समस्या का एक हल यह भी है कि रिटायरमेंट की आयु बढ़ने से वहां पर तैनात डॉक्टरों को सेवा करने का मौका मिलता रहेगा। डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि देश के ग्रामीण भागों में सर्जनों, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, फिजीशियनों और बाल रोग विशेषज्ञों की मांग को भी पूरा करने की जरूरत है। डॉक्टरों का सेवा विस्तार करने से गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है।

वरिष्ठ डॉक्टर अक्सर हेल्थ सेक्टर मैनेजमेंट और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा विस्तार करने से उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नीतियों को आकार देने और अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकेगा। जैसा कि ऊपर कहा गया कि जब भारत में डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की, तो हिन्दुस्तानियों की औसत उम्र काफी कम थी। 1950 और 1960 के दशक में, जब औसत उम्र कम थी, तो 55 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु उचित मानी जाती थी। 1970 के दशक में बढ़कर 58 वर्ष हुई, और फिर 1990 के दशक में 60 वर्ष हुआ। 2017 में केंद्र सरकार के डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई थी, ताकि अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों को अधिक समय तक बनाए रखा जा सके। अब वक्त का तकाजा है कि केन्द्र और राज्य सरकारों के अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ाया जाए।

अमेरिका और यूरोप के देशों में शोध कार्यों से जुड़े डॉक्टर जीवन भर सेवा में रहते हैं। जब यह व्यवस्था अन्य देशों में हो सकती है तो फिर भारत में क्यों नहीं। भारत में तो अनुभवी डॉक्टरों की हमेशा ही मांग बनी रहती है। भारत के लिए अपने डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु की समीक्षा करने का समय आ गया है। उम्मीद करनी चाहिए कि इस लिहाज से सरकार जल्दी कोई फैसला लेगी।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

# नेतृत्व में शामिल हम

अमेरिका के डेलावेयर में चल रही क्वाड़ नेताओं की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत कर रहे हैं। क्वाड़ यानी चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद, जिसमें ऑस्ट्रेलिया, भारत, अमेरिका और जापान शामिल हैं। मोदी ने कहा, हम ऐसे समय बैठक कर रहे हैं, जब दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर क्वाड़ का मिल कर साथ चलना, मानवता के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी कानून पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंड़ता के सम्मान और सभी मामलों के शांतिपूर्ण तरीकों से नतीजे निकालने का समर्थन करते हैं। इस दरम्यान वे अन्य विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर रहे हैं। इसके साथ ही न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भी भाग लेंगे। क्वाड़ के गठन को भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन के दबदबे को कम करने वाला संगठन माना जाता है। क्वाड़ जैसे समूह की जरूरत 2004 में आई सुनामी के बाद महसूस हुई थी। उस वक्त भारत ने अपने पड़ोसी मुल्कों की मदद अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ मिलकर की थी। जापान के तबके प्रधानमंत्री शिंजो आबे को 2007 में इसकी नींव रखने का श्रेय दिया जाता है। क्वाड़ नेताओं के साझा बयान में पूर्वी और दक्षिण चीन सागर चिंता जताई गई थी। हैरत की बात है कि इस पर चीन की तरफ से कोई प्रक्रिया नहीं आई। क्वाड़ नेताओं का मानना कि वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार करेंगे। इसे समावेशी, कुशल, पारदर्शी, लोकतांत्रिक और जबावदेह बनाने की भी बात की जो स्पष्ट रूप से भारत के पक्ष में नजर आती है। आतंकवाद और हिंसा की आलोचना करते हुए इन नेताओं ने सीमापार आतंक और मुंबई-पठानकोट के आतंकी हमलों की निंदा भी की। इन देशों के साथ रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने और रक्षा, व्यापार, निवेश, शिक्षा एवं अनुसंधान पर सहयोग की चर्चा भी शामिल है। स्पष्ट है कि अमेरिकी रणनीति पाकिस्तान को हाशिए पर करने की नजर आ रही है। चीन और रूस को वे चुनौती की तरह देख रहे हैं, ऐसे में भारत का महत्त्व बढ़ रहा है। भारत-अमेरिका के दरम्यान हो रहा कारोबार दो सौ बिलियन ड़ॉलर तक पहुंचने वाला है। उम्मीद की जा सकती है कि रक्षा, तकनीकी और इंफ्रास्ट्र र से लेकर आपदा राहत, साइबर सुरक्षा और टेलीकम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग को उत्सुक मोदी की यह दूरदर्शिता जल्द ही नतीजों के रूप में सामने होगी।



## चिंतन-मनन

# वाणी का शरीर पर प्रभाव

-प्रसन्नता से होता है शरीर पुष्ट एवं प्रोध से होती है हानी

मानव शरीर में अनेक ग्रंथियां होती हैं,पियूष ग्रंथि मस्तिष्क में होती है, उससे 12 प्रकार के रस निकलते है, जो भावनाओं से विशेष प्रभावित होती हैं। जब व्यक्ति प्रसन्नचित होता है, तो इन ग्रनथियों से विशेष प्रकार के रस बहने लगते है, जिससे शरीर पुष्ट होने लगता है, बुद्धि विकसित होती है, रक्त गति सामान्य रहती है। जब मनुष्य अधिक बोलता है, तो रक्त की गति अनावश्यक प्रभावित होती है। जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है,खून के थक्के बनने लगते है ।इसी प्रकार प्रोध अधिक करने से खून का बहाव कम हो जाता है, खून जमने की शक्ति बढ़ जाने से मृत्यू भी संभव है। अपने जीवन में ज्यादा बोलना अभिशाप हो सकता है। अधिक बोलने से पाचन क्रिया पर गलत प्रभाव पड़ता है, शरीर की अधिक शक्ति खर्च होती है, पेट की माँसपेशियां खिचने लगती है, पाचन रस ग्रंथियों से नही निकलता, शरीर में विटामिन, खनिज तत्व एवं हार्मोन्स की कमी हो जाती हैं। शरीर रोगी हो जाता है, मानसिक दुर्बलता आ जाती है, स्वभाव चिड़चिड़ा हो जाता है, याददाश्त कमजोर हो जाती है, अतःवाणी का प्रभाव शरीर पर पड़ता है। हर प्राणी को अपना जीवन झूठा, बनावटी, जोर जोर से बोलने बाला ना बना कर शांत चित बनाना चाहिए ।

# हमारी विनाश सामग्री हमारी ही जेब में ?



तनवीर जाफ़री

जब से मोबाईल फोन प्रचलन में आया है तब से देश में ऐसे सैकड़ों हादसों की खबरें आईं जिनसे पता चला कि मोबाइल फोन में ब्लॉस्ट हो गया। कभी उनकी बैटरी ओवर हीट होकर फट गयी तो कभी चार्जिंग में लगे सेलफोन में विस्फोट गया। याद कीजिये किसी समय में विश्व की सबसे बड़ी मोबाईल निमार्ता कम्पनी मानी जाने वाली नोकिया को अपने मोबाईल में होने वाले विस्फोट की घटनाओं के चलते 2007 में अपने BL-5C मोबाइल फोन मॉडल की 46 मिलियन बैटरियों को वापस मंगाना पड़ा था। मोबाईल फोन फटने की इन घटनाओं में अनेक लोगों के बुरी तरह से घायल होने यहाँ तक कि दर्जनों लोगों की मौत होने तक की खबरें आई थीं। केरल में त्रिशूर जिले के तिरुविल्वमला में ,राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में उत्तर प्रदेश के बरेली मेरठ व फरुर्खाबाद में, आंधप्रदेश के प्रकाशम जिले तथा ओडिशा आदि स्थानों में ऐसे अनेक हादसे हुये जहाँ मोबाईल में हुये विस्फोट के कारण लोगों को अपनी जानें तक गंवानी पड़ीं। इसी तरह पिछली रिकार्ड तोड़ गर्मी के दौरान बढ़ते तापमान के चलते अनेक एयर कन्डीशन के कम्प्रेसर फटने यहाँ तक कि इन विस्फोटों के परिणामस्वरूप घरों में आग लगने तक की खबरें आईं।

इसके बाद 2017 में कोरियन स्मार्टफोन कंपनी सैमसंग ने अपने जिस फ़्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी नोट 7 को लॉन्च किया था उसकी लांचिंग के केवल दो सप्ताह बाद ही इस मोबाईल में चार्जिंग के दौरान विस्फोट की शिकायत के कारण कंपनी ने इसकी बिक्री पर रोक लगा दी थी। बाद में गैलेक्सी नोट 7एस खरीद चुके नए स्मार्टफोन को कम्पनी ने बिना शर्त बदलने का निर्देश दिया। उसके साथ ही कम्पनी द्वारा दुनियाभर से गैलेक्सी नोट 7 वापस मांगे लिये गये। उस समय भारत में सैमसंग गैलेक्सी नोट 7 का मूल्य 59,900 रुपये था।

परन्तु इन सब दहशत पूर्ण घटनाओं के बावजूद जनमानस में भय व अविश्वास का ऐसा वातावरण कभी नहीं बना जैसा पिछले दिनों इस्राइल द्वारा छल कपट द्वारा लेबनान के विभिन्न शहरों में एक साथ अंजाम दिये गये पेजर व वॉकी टॉकी में हुये धमाकों और इनके परिणाम स्वरूप होने वाली तबाही के बाद उत्पन्न हुआ है। इन धमाकों में दर्जनों लोगों के मरने व तीन हजार से अधिक लोगों के घायल होने की खबरें हैं। पहले तो यह खबर थी कि लेबनान में धमाके से फटने वाले पेजर को ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी गोल्ड अपोलो द्वारा बनाया गया था। जबकि गोल्ड अपोलो ने इस पेजर को बनाने से साफ इनकार कर रही है। गोल्ड अपोलो कंपनी, हंगरी की एक कंपनी को इसके निर्माण का जिम्मेदार बता रही है। गोल्ड अपोलो का दावा है कि लेबनान में एक साथ फटने वाले AR-924 पेजर का निर्माण बुडापेस्ट स्थित BAC कंसल्टिंग KFT ने किया था। जोकि एक सहयोग समझौते के तहत बीएसी लेबनान और सीरिया में पेजर की बिक्री के लिए गोल्ड अपोलो ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर सकती है। परन्तु इसके निर्माण के लिए बीएसी ही जिम्मेदार है गोल्ड अपोलो नहीं। परन्तु हंगरी के अधिकारियों ने भी गोल्ड अपोलो के बयान को खारिज करते हुए कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद कंपनी एक व्यापारिक मध्यस्थ है। वहां पर इसका कोई भी उत्पादन यूनिट नहीं है। फिर सवाल यह है कि आखिर लेबनान में फटने वाले पेजर का निर्माण किसने किया ?

पूरे विश्व को हतप्रभ कर देने वाले इस पूरे घटनाक्रम को लेकर यदि न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट को सच माना जाये तो लेबनॉन में विस्फोट होने वाले पेजर व वाकी टाकी के निर्माण से लेकर इसके विस्फोट तक में इस्त्राईली खुफिया एजेंसी मोसाद की ही भूमिका है। अज्ञात स्त्रोतों के हवाले से न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि इस्त्राईल ने पेजर के अंदर बम छिपाए और इसमें एक स्विच जोड़ा, जिसका प्रयोग बाद में उन्हें दूर से विस्फोट करने के लिए किया गया। मोसाद की ही खड़ी की गयी फर्जी कंपनी से ये हैंडसेट खरीदे भी गये थे। मोसाद ने ही ऐसा जाल बिछाया कि उसने लेबनान से पैसे लेकर उन्हें पेजर और वॉकी-टॉकी सेट बेचे और उन्हीं के द्वारा हिज्बुल्लाह के कई लड़ाकों को मार भी दिया। यानी पूरी चतुराई के साथ मारने वाले बम रुपी उपकरण को बनाने का मूल्य भी वसूल किया और उनका विस्फोट कर हत्याएं अंजाम देने का अपना लक्ष्य भी पूरा किया। और इससे भी बड़ी सफलता इस्त्राईल को तब मिली जब हिज्बुल्लाह ने भयवश पेजर और वाकी टॉकी जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरण इस्तेमाल करना ही बंद कर दिया। गौर तलब है कि लोकेशन ट्रेस होने के भय से हिज्बुल्लाह पहले ही मोबाईल के इस्तेमाल बंद कर चुका है। ऐसे में इलेक्ट्रानिक व साइबर तकनीक पर आधारित होते जा रहे दौर में अपनाई जा रही वर्तमान आधुनिक रणनीति में हिज्बुल्लाह इस्त्राईली छल कपट का सामना कैसे कर सकेगा ?

इस घटना ने पूरे विश्व को यह भी सोचने को मजबूर कर दिया है कि क्या इलेक्ट्रानिक उपकरण पर आश्रित हो चुकी इस दुनिया का भविष्य भी अब मोसाद जैसी एजेंसियों के हाथों में जा चुका है ? याद कीजिये इस्त्राईली साइबर-आर्म्स कंपनी एनएसओ ग्रुप द्वारा विकसित पैगसेस जैसा खतरनाक स्पाइवेयर जिसे आईओएस और एंड्रॉइड चलाने वाले मोबाइल फोन पर गुप्त रूप से और दूर से इंस्टॉल करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस पैगसेस स्पाइवेयर ने कुछ समय पूर्व




भारत में भी तहलका मचा दिया था। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या सायबर तकनीक व इलेक्ट्रानिक उपकरण का इस्तेमाल करने वाले लोगों की जान,उनकी गोपनीयता यहाँ तक कि उनके व्यवसाय उनकी जमापूंजी सब कुछ खतरे में आ चुकी है ? इस बात की क्या गारंटी है कि इसी तकनीक का दुरूपयोग कर या हैकिंग के द्वारा भविष्य में इसका इस्तेमाल किसी विमान में या जलपोत में नहीं होगा ? आज जब लगभग पूरी दुनिया की लोकेशन सार्वजनिक हो चुकी है ऐसे में किसी के द्वारा किसी को भी निशाना बनाना असंभव नहीं रहा। मोसाद जैसी मानवता की दुश्मन कोई भी कपटी एजेंसी लेबनान में अपनाये गये तरीके से तो कहीं भी तबाही मचा सकती है। तो क्या आधुनिक विज्ञान के वर्तमान दौर में हम अपने विनाश की सामग्री अपनी ही जेब में लिये फिर रहे हैं ?

# पर्व: एक बार फिर वही रोना



ड़ॉ. रमेश ठाकुर



श्राद्ध पक्ष चल रहा है। इन दिनों गुजरे लोगों को याद करना और उन्हें मनपसंद भोजन बना कर खिलाने की परंपरा निभाई जाती है। मान्यताओं के मुताबिक स्वर्गीय तक भाजन कौओं द्वारा पहुंचाया जाता है। श्राद्वों में कौए परलोकी लोगों के वाहक बनते हैं। पर, कौए इन्हीं दिनों में दूर-दूर तक कहीं नहीं दिखाई पड़ते। श्राद्ध का भोजन लेकर लोग उनके आगमन का लंबा इंतजार करते रहते हैं। लेकिन वो नहीं आते। हों तो ही आए न? हैं ही नहीं? जबकि श्राद्ध में भोजन उन्हीं को ध्यान में रख कर तैयार किया जाता है। जाहिर है जब कौए ही नहीं होंगे, तो श्राद्ध की मान्यताएं भला कैसी पूरी होंगी? हमेशा से होता आया है कि श्राद्ध में पितरों का भोजन जब तक कौए न खाएं, श्राद्ध की मान्यताएं पूरी नहीं होतीं। कौए आएंगे, खाना चुगेंगे और पितरों तक पहुंचाएंगे, लेकिन कौवे नहीं आते? ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी कहीं-कहीं दिख जाते हैं, लेकिन शहरों से कौवे पूरी तरह से गायब हो चुके हैं।

प्राचीन परंपराओं के अनुसार श्राद्धों से कौवों का सीधा संबंध होता है। पौराणिक बातों में यह बात सिद्ध है कि श्राद्धों में जो व्यंजन बनते हैं, उन्हें पितरों तक कौए ही पहुंचाते हैं। श्राद्ध में लोग अपने पितरों को भोजन कराने के लिए घरों के छतों, खेतों, चौक-चौहराओं पर रखते हैं, और कौओं के आने का इंतजार करते हैं। श्राद्ध का खाना कौआ खा ले, तो समझा जाता है कि श्राद्ध की आस्था पूरी हुई। कौओं की संख्या लगातार कम होने से उनकी जबह अब गली-मौहल्ले के आवारा कुत्ते भेड़-बकरी आदि जानवर श्राद्वों के भोजन पर झप ा मारते देखे जाते हैं। कौए नहीं आते तो लोग मजबूरन इन्हीं को कौवो का प्रतिरूप मान कर मन को समझा लेते हैं क्योंकि इसके सिवा कोई विकल्प भी नहीं। दूषित पर्यावरण के चलते विलुप्त होती प्रजातियों में कौए भी शामिल हैं। एक वक्त था, जब घरों के आंगन और मुंडेरों पर कौओं की बहुतायत होती थी। उनकी मधुरई कांव-कांव की आवाजें सुनने को मिलती थीं। दरअसल, कौए हमेशा से अन्य पक्षियों के मुकाबले तुच्छ माने गए हैं। कौए का शरीर औषधि के तौर पर भी प्रयुक्त किया जाता है। कौए छोटे-छोटे जीव एवं अनेक प्रकार की गंदगी खाकर भी अपना पेट भर लेते हैं। श्राद्ध पक्ष में इस दुर्लभ पक्षी की भक्ति और विनम्रता से यथाशक्ति भोजन कराने की बात विष्णु पुराण में भी कही गई है। श्राद्धों में कौओं को खाना और पीपल को पानी पिला कर पितरों को तृप्त किया जाता है।

कौओं के संबंध में एक और दिलचस्त बात प्रचलित है। किसी के आगमन की सूचना भी इनकी चहलकदमी से जोड़ी जाती रही है। वक्त वह भी था जब परिवार की महिलाएं शगुन मान कर कौवा को मामा कह कर घर में बुलाया करती थीं, तो कभी उसकी बदलती हुई दिशा में कांव-कांव करने को अपशकुन मानते हुए उड़ जा कहके बला टालती थीं। घर की बहुएं भी कौए के जरिए अपने मायके से किसी के आने का संदेश पाती थीं। कौओं की तरह अब कई और बेजुबान पक्षियों की आबादी घट गई है। इसके पीछे मानवीय हिमाकत प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। पक्षियों के रहने-खाने की सभी जगहों को नष्ट कर दिया गया है। उनके ठिकाने भी कच्चे घर हुआ करते थे, वे भी अब रौंद दिए गए हैं। पेड़ों पर भी इनका निवास होता था, वह भी लगातार काटे जा रहे हैं। समय ज्यादा दूर नहीं, जब श्राद्व के अलावा किसी भी मौसम में कोई पक्षी नहीं दिखाई दिया करेगा। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के संरक्षक वैज्ञानिक केनेथ रोजेनबर्ग ने कहा भी है कि मोबाइल टाबरों के रेडिएशन ने पक्षियों को खत्म करने में बड़ी भूमिका निभाई है विशेषकर कौए, तोते, गिद्ध, गोरिया जैसे अद्धुत पक्षियों को। समूची दुनिया में पक्षियों की आबादी लगभग एक तिहाई खत्म हो चुकी है। एक जमाना था, जब कहते थे कि किसी के माथे पर अचानक कोई कौआ आकर बैठ जाए तो अशुभ होता था। उस अशुभता को मिटाने के लिए अपने रिश्तेदारों में उस व्यक्ति के संबंध में मरने की झूठी खबर फैलाई जाती थी। फिर कुछ समय बाद उसी खबर को निराधार किया जाता था। कहा जाता था इस तरह से संभावित विपत्ति टल जाती है।

पहले देखने में आता था कि मरे हुए जानवरों को गिद्व और कौए खा जाते थे, लेकिन अब उनके न होने से मृत जानवरों के शरीर सड़ते रहते हैं। दुगृध दूर-दूर तक फैली रहती है जिससे लोग संक्रमित भी हो जाते हैं। गंदगी को समेटने में गिद्धों, चीलों और कौओं का बड़ा योगदान होता था। कौए अब कितने बचे हैं, और कितने गायब हो गए हैं, इसका सटीक कारण किसी के पास नहीं है। पर्यावरणविद् के अलावा देश के अनगिनत पशु-पक्षी प्रेमी सालों से चिंता जता रहे हैं कि कौआ चील, गिद्ध, गौरैया, सारस के अलावा तमाम दुर्लभ किस्म के भारतीय पक्षी विलुप्त हो रहे हैं। लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देता। उसी का नतीजा है कि श्राद्धों में कौओं का इंतजार करना पड़ता है।

## भैरुजी की जयकारो के साथ हुआ-लाम्बिया कला मेले का शुभारंभ हुआ

# बैलों की जोड़ी की पूजा अर्चना कर विधायक लालाराम बैरवा ने मेले का उद्घाटन किया

द पुलिस पोस्ट

**रायला अजमेर भीलवाड़ा** राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर स्थित भीलवाड़ा से मात्र 23 किलोमीटर दूर भेरुनाथ का विशाल नवनिर्मित मंदिर पर दिनांक 23 से 26 तक विशाल पशु मेला का आयोजन किया। लांबिया भेरुजी का मेला 60 वर्षों से लगातार भर रहा है। मेले का शुभारंभ भैरुजी की जयकारो के साथ हुआ। मेले के दौरान भेरुनाथ को गुलाब के फूलों का श्रृंगार कराया गया। पूरे मंदिर परिसर में गुब्बारो से वह फूलों की माला से सजाया गया।

लांबिया कला सरपंच विष्णु देवी पारीक ने बताया कि हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी लांबिया भेरुजी मेले में दूर-दूर से व्यापारी पशु खरीदने के लिए आते हैं अच्छी खेती करने के लिए यहां से बैलों की जोड़ी ले जाते हैं।

मेला देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उम्र पड़ी।

**विधायक लालाराम बैरवा ने**

बैल की पूजा अर्चना कर माला पहनकर मेला का शुभारंभ किया।

लाम्बिया स्टेशन के पशु व्यापारी जबरदी खाजी और तत्कालीन सरपंच हरदेव जाट के प्रयासों से शुरू हुआ।

ज्यादा बरसात के कारण किसानों की फैसले नष्ट हो गई है ।कलेक्टर व एसडीएम से कहकर तुरंत प्रभाव से गिरदावरी कराई जाएगी बीमा के माध्यम से जिस भी किसान का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कराई जाएगी।

पशु मेला व्यापारियों व किसानों के लिए बहुत उपयोगी है जो किसान यहां पर आते हैं अपने बैल खरीदते हैं अपनी खेती के लिए खरीद कर ले जाते हैं मेले के लिए हमारी सांस्कृतिक व परंपरा बनी रहनी चाहिए और लुप्त नहीं होना चाहिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजना के लिए सदैव में आपके साथ में हूं कोई भी समस्या आए तो उसे तुरंत प्रभाव से निपटाया जाएगा

लांबिया कला सरपंच विष्णु देवी पारीक बताया कि भगवान भैरवनाथ के स्थान पर मंदिर में मेले में ग्राम पंचायत की ओर से बाहर से आने वाले पशुओं के लिए चारे पानी की बिजली व्यवस्था प्रयाप्त मात्रा में है मेले में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए आकाश की डॉलर, जू झूला, मिठाई की दुकानें ,मनिहारी की दुकानें ,मौत का कुआं ,सर्कस, मारवाड़ी खेल ,रंगीन, चित्रहार, रेलगाड़ी झूला आदि मनोरंजन के साधन है।

24 सितंबर को विशाल भजन संध्या का आयोजन रखा गया है

भेरूजी मंदिर स्थान पर रखी गई है मेले में गाय भैंस बैल भैड बकरी खरीदने के लिए दूर-दूर से व्यापारी आते हैं और यहां से अच्छी नस्ल के पशु का क्रय विक्रय होता है मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर के बाहर विशाल धर्म शाला बनी हुई है सोने - बैठने के लिए। मेले का शुभारंभ में , शाहपुरा- बनेड़ा विधायक लालाराम बेरवा, बनेड़ा प्रधान विजेंद्र सिंह भाजपा , शाहपुरा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा , भाजपा बनेड़ा मंडल अध्यक्ष गोपाल चरण सिंह सिसोदिया, जिला परिषद शंकर लाल जाट , रायला भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर पारीक लाम्बिया कला सरपंच विष्णु देवी पारीक उप सरपंच परमेशी भाजपा महामंत्री कैलाश सिंह भाजपा महामंत्री सत्यनारायण पाराशर उपस्थित थे।

## नगर निगम भीलवाड़ा में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसी नेता प्रतिपक्ष पारिक व पीसीसी सदस्य पालीवाल डोल नगाडों के साथ नारेबाजी करते हुए पहुचें निगम कार्यालय आयुक्त नदारद....?

द पुलिस पोस्ट

69 (ए) में बनाए पत्रावली सं. 2983 कान सिंह / देवी सिंह साखला निवासी मालोला रोड कि पत्रावली गुमसुदगी कि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने हेतु आयुक्त हेमाराम चैधरी नगर परिषद भीलवाडा ने पत्र क्रं. 5225 दिनांक - 18.07.2024 को थानाधिकारी सीटी कोतवाली भीलवाडा को लिखा प्रत्यूतर में व पीसीसी सदस्य मनोज पालीवाल द्वारा लोक सूचना अधिकारी से दिनांक 18.07.2024 के पत्र कि थानाधिकारी सीटी कोतवाली से सत्यापित प्रमाणित प्रतिलिपी कि छायाप्रति मांगी जिसमें थानाधिकारी पुलिस थाना सीटी कोतवाली ने पत्र क्रं. 8644 दिनांक - 19.09.2024 दो माह एक दिन पश्चात जवाब दिया कि श नगर परिषद भीलवाडा द्वारा डीस्पेच नं. 5225 दिनांक - 18.07.2024 पर थाना कोतवाली द्वारा कि की गई कायार्वाही की प्रमाणित प्रति चाही गई थीश परन्तु देखने थाना हाजा के रिकॉर्ड से थाना हाजा पर इस संबंध में कोई भी पत्र प्राप्त नहीं हुआ हैं। अतः सूचना मुर्तिब कर श्रीमान की सेवा में प्रेषित हैं।

जिससे स्पृष्ठ होता है कि नगर परिषद भीलवाडा जो कि अपने आप में भ्रष्टाचार में विख्यात थी लेकिन अब नगर निगम बन कर क्या विश्व में भी विख्यात हो जाएगी जब एक अधिकारी सिर्फ और सिर्फ पत्र लिखकर अपने किये कृत्यों को छिपाने कि भरपूर प्रयास करते हुए आम जनता को अपनी निजी पूर्ति हेतु







धर्मेंद्र कुमार पारीक
नेता प्रतिपक्ष नगर निगम, भीलवाड़ा
पार्षद, वार्ड नं. 63, भीलवाड़ा (राज.)
रमा विहार, भीलवाड़ा-311001
मो-94141-44172

दिनांक 23/9/2024

क्रमांक

श्रीमान सुधांश जी पंत
मुख्य सचिव राजस्थान सरकार
जयपुर।

विषय - नगर निगम भीलवाड़ा में हो रहे भ्रष्टाचार की जा रही लीपापोती को बंद करने के संबंध में व 5 सूत्रीय मांगों के निस्तारण बाबत् ।

महोदय जी,

उपरोक्त विषय मे हमारी मांगे निम्न है-

[illegible]


कार्यालय पुलिस थाना सिटी कोतवाली भीलवाडा (राज.)

क्रमांक 8644    दिनांक 19.09.2024

सेवामे,

श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय,

जिला - भीलवाड़ा

विषय- सूचना के अधिकार अधि. 2005 के तहत आवेदक श्री मनोज पालीवाल निवासी गणेश मन्दिर रोड, गांधीनगर,भीलवाडा के सम्बन्ध मे।

प्रसंग- श्रीमान के आदेश क्रमांक [illegible] दि. 06.09.24 की पालना मे।

महोदयजी,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग मे निवेदन है कि श्री मनोज पालीवाल निवासी गणेश मन्दिर रोड, गांधीनगर,भीलवाडा द्वारा " नगर परिषद भीलवाडा द्वारा डीस्पेच नं. 5225 दि. 18.07.2024 पर थाना कोतवाली द्वारा की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रति चाही गई थी" परन्तु देखने थाना हाजा के रिकॉर्ड से थाना हाजा पर इस सम्बन्ध मे कोई भी पत्र प्राप्त नही हुआ है। अतः सुचना मुर्तिब कर श्रीमान की सेवा मे प्रेषित है।

भवदीय
थानाधिकारी
पुलिस थाना सिटी कोतवाली
भीलवाड़ा

सूचना का अधिकार अधि-2005 के तहत प्रमाणित प्रति
लोक सूचना अधिकारी
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
मुख्यालय भीलवाड़ा

कागजो में भी दूर्षित कागज बनाकर गुमराह कर सकता हैं। तो कार्यकाल के अंदर हमसलाह एकराय होकर कितने बडे - बडे कार्यो को अनजाम दिया होगा कितना बडा राजकोष का नुकसान किया होगा बहुत बडा जांच का विषय हैं कौन - कौन इसमें सलिप्त हैं क्या अपने आप को बचाने के लिए किसी निचले व्यक्ति को मोहरा बनाकर निशाना बनाया जाएगा या कि गई दूर्षित पत्रो का कोई दूसरी गली निकाल ली जाएगी क्या इनी अद्दश्य कार्यो के चलते आयुक्त नगर निगम कार्यालय के बजाए अपने चहेतो व सफेदपोशो, राजनीति संरक्षण प्राप्त व्यक्तियो, बलशाली व्यक्तियों कि पत्रावलियों का निस्तारण घर पर बैठकर करने में ज्यादा विश्वास करते है साथ ही अपूष्ठ सूत्रों से मिली अहम जानकारी के अनुसार आज कल निगम मे मेहता व पतला डूबला काला व्यक्ति निगम के हर कार्य कराने में सक्षम कह जा रहे हैं।

जिले के आला अधिकारी भी न जाने क्यो मोन होकर मुक दर्शक बने हुए हैं। अगर अधिकारी के हाथ का लिखा पत्र भी सीटी कोतवाली जो महज निगम से 500 कदम कि दूरी पर हैं पर दो माह में नहीं पहुचा तो क्या अधिकारी का कर्तव्य नही था कि पत्रावली गायब होने कि एफआईआर क्यों व किन कारणों से दर्ज नहीं हुई और अगर दर्ज हो गई थी तो उस पर पुलिस ने क्या कार्यवाही कि थी क्योकि किये कृत्यो को छिपाना ही मकसद था....?

नेता प्रतिपक्ष नगर निगम धर्मेंद्र पारीक के नेतृत्व व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल के सानिध्य में कांग्रेस कार्यकर्ता पार्षद नेता गोल चंलन

चैराहे पर प्रात है 11:30 बजे एकत्रित होने लगे ढोल और तासे बजाते हुए भीलवाड़ा के मुख्य मार्ग से होते हुए नगर निगम आयुक्त कार्यालय के बाहर पहुंचे महापौर आयुक्त साझेदारी मिलकर कर रहे भ्रष्टाचार के नारे मुख्य बाजार में लगाते हुए पहुंचे और कॉरिडोर में जमकर नारेबाजी करी प्रदर्शन करने के बावजूद नगर निगम प्रशासन का कोई अधिकारी वहां उपस्थित नहीं हुआ जबकि पूर्व में ही नेता प्रतिपक्ष व मनोज पालीवाल से आयुक्त महोदय की बात हो चुकी थी कि वह उपलब्ध रहेंगे वह गायब हो गए दोनों साझेदार के रूप में नगर निगम को चला रहे हैं और भीलवाड़ा की जनता को लूट रहे हैं

नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक ने कहा कि नगर निगम 69 के के जो फर्जी पट्टे जारी किया उसमें किसी भी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करी और नगर निगम प्रशासन ने जो कोतवाल को लेटर लिखा फिर दर्ज करने के लिए वह लेटर भी कोतवाली नहीं पहुंचा इसकी सर्टिफाइड कॉपी कोतवाली कार्यालय से प्राप्त कर ली इससे प्रतीत होता है कि वर्तमान आयुक्त हेमाराम चैधरी और महापौर राकेश पाठक साझेदारी के रूप में काम कर रहे हैं

मनोज पालीवाल ने बताया कि अमृत योजना के तहत सीवरेज का कार्य नगर निगमकर रही है जो घटिया कव्वालीटिके है गड्ढे ज्यादा होते जा रहे हैं सामग्री सही नहीं है बदला चैराहा और केशव हॉस्पिटल रोड पर जमीन अपने आप बैठ गई ऐसे प्रसंग आने के बावजूद प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है और उनके घटिया कार्य का भुगतान करने के लिए आमादा है बार-बार सोचने के अधिकार से कॉपी मांगने के बावजूद निर्माण क्षेत्र से कहा जाता है कि अमृत योजना के जो कार्य देश दिए गए हैं वह उनके पास नहीं है जब निर्माण क्षेत्र में ही कार्य देश नहीं है तो काम कौन और कैसे किस तरीके से कर रहा है यह सोचने का विषय है

सेवादल अध्यक्ष योगेश सोनी कुंदन जी संदीप जी टेलर ने बताया नगर निगम ने विगत 1 वर्ष में जो सड़के बनाई सभी एक बरसात में टूट गई गारंटी पीरियड में होने के बावजूद भी उनका नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है और नाला निर्माण के अंदर भारी घोटाला कर रखा है लाल की बराबर सफाई नहीं है और दीवारे टूटी हुई है जिसे जान और माल का खतरा हमेशा बना रहता है

निसार सिलावट सुनील दत्त शर्मा शिव प्रकाश कावेरी ने बताया कि नगर निगम की मुख्य रोड पर निर्माण कार्य इस तरीके से हो रहे हैं बिना नक्शे स्वीकृति के जिसका भी उदाहरण पार्टी के नेताओं के आपस में लड़ाई में सामने आया जो व्यक्तिपैसा देता है उसका तो कार्य चल रहा है जो नहीं देता है उसका कार्य रुकवाया जा रहा है और जो बिना सेटबैक छोड़े बिना पार्किंग की जगह छोड़े बिना निर्माण स्वीकृति के सारे कार्य करवाए जा रहे हैं जो सालासर गलत है


कार्यालय नगर परिषद भीलवाडा (राज0)

क्रमांक-नपभी/राजस्व/2024-25/ 5225    दिनांक :- 18 /07/2024

थानाधिकारी,
सिटी कोतवाली,
भीलवाडा।

विषय :- पत्रावली सं0 2983 के गुमशुदगी/FIR रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि प्रशासन शहरो के संग अभियान-2021 के तहत धारा 69-क के अन्तर्गत श्री कान सिंह/देवीसिंह सांखला, निवासी मालोला रोड, भीलवाडा द्वारा उक्त स्थल का पट्टा बनाये जाने हेतु पत्रावली संख्या 2983 प्रस्तुत की थी, उक्त पत्रावली परिषद द्वारा संधारित रिकॉर्ड में प्राप्त नही होने से विभागीय स्तर पर सर्च नोट जारी कर पत्रावली के संबंध में सभी शाखाओ से रिपोर्ट ली गई, परन्तु पत्रावली किसी भी शाखा से प्राप्त नही हुई हैं। अतः उक्त पत्रावली के संबंध में गुमशुदगी/FIR रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित धाराओ में कानुनी कार्यवाही करवाये जाने का श्रम करावे।

(हेमाराम चौधरी)
आयुक्त
नगर परिषद, भीलवाडा

सूचना का अधिकार के तहत जारी
लोक सूचना अधिकारी
आयुक्त
नगर परिषद, भीलवाडा

पार्षद प्रकाश जी ओझा पार्षद शिव प्रकाश गवरी योगेश जी सोनी कुंदन जी शर्मा सुनील दत्त शर्मा उमेश गाडरी अनिल सोलंकी दिनेश धोबी पंचायत समिति सदस्य भंवर गुर्जर कान्हा पारीक अतुल जी सुराणा रसीद रंग रेज संदीप टेलर राधेश्याम उमेश पुरबिया दिनेश बासिता कुंदन शर्मा कश्मीर शेख सुरेश बम कान्हा पारीक दीपक रतन तेली कमल कुछ बांदा लादू लाल जी खोखर

## माली महासभा ने किया केन्द्रीय राज्यमंत्री का स्वागत

द पुलिस पोस्ट

**गुरला** :-राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाल लाल माली व महासभा के जिलाध्यक्ष भैरूलाल माली के नेतृत्व में माली महासभा के पदाधिकारियों ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार के केन्द्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का गुलदस्ता भेंटकर माली समाज की ओर से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि माली समाज किसान वर्ग से आता है, ऐसे समाज के किसानों को जैविक खेते के बारे में अधिक से अधिक जानकारी होनी चाहिए। अगर किसानों को जैविक खेती का



प्रशिक्षण दिया जाए तो किसान जागरूकता के बाद जैविक खेती को अपना सकेंगे। जैविक खेती से भूमि की उपजाऊ क्षमता बढ़ती है कम अंतराल पर सिंचाई नहीं करनी पड़ती है रासायनिक खाद पर निर्भरता कम हो जाती है कम लागत में बेहतर उपज जैविक खेती पर्यावरण के लिए भी लाभकारी है। केन्द्रीय राज्यमंत्री एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा आगमन पर महासभा के पदाधिकारियों ने समान किया। साथ ही माली महासभा के पदाधिकारियों से सामाजिक व राजनैतिक मुद्दों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर माली सैनी कर्मचारी संस्था के अध्यक्ष तोताराम माली, सचिव कन्हैयालाल माली, युवा महासभा जिलाध्यक्ष हरनारायण माली, फूले सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष शंकर लाल गोयल, राजकुमार माली, नानूराम गोयल, रोशन गढ़वाल सहित कई समाजजन उपस्थित थे।

### अपने लोगों के बीच कॉलोनी में रहता हूं: नीरज

## एनआईटी में नहीं चलेगा बाहरी प्रत्याशी बाहरी प्रत्याशियों पर कांग्रेस प्रत्याशी का हमला

### बाहरी प्रत्याशी भगाओ, कॉलोनी का लाओ

द पुलिस पोस्ट

**फरीदाबाद,** बरसात में जब पानी भरता है...तो मेरी गली में भी पानी भरता है। सीवरेज जाम होती है, तो मेरा भी सीवरेज जाम होता है। बिजली जाती है...तो मेरी भी जाती है। हम कॉलोनी वालों की समस्या सांझी हैं। कॉलोनी वालों की समस्या कॉलोनी वाला ही समझ सकता है। यह बात एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने जवाहर कॉलोनी में सभा को सम्बोधित करते हुए कहीं। जनसभा में पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी का फूलमाला-मुकुट पहनाकर व लड्डुओं से तोल कर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि मैं अपने लोगों के बीच कॉलोनी में रहता हूं। यहां की हर समस्या से वाकिफ हूं। अब कांग्रेस सरकार में एक-एक समस्या दूर कर दूंगा। उन्होंने कहा कि एनआईटी की कॉलोनियों में रहने वाला व्यक्ति ही यहां की समस्या को समझ सकता है और समाधान करा सकता है। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने बाहरी प्रत्याशियों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये बड़ी विडम्बना है कि भाजपा सहित सभी पार्टियां हमारे क्षेत्र से बाहरी उम्मीदवार को टिकट देती है। हमारी कॉलोनी के रहने वाले एक भी व्यक्ति को टिकट नहीं देती। अबकी इन सभी पाटीर्यों और बाहरी उम्मीदवारों को ऐसा सबक सीखा दो की अगली बार न तो पार्टियां बाहरी व्यक्ति को टिकट दे और न ही बाहरी व्यक्ति यहां से चुनाव लड़ने की हिम्मत जुटा सके। उन्होंने कहा कि रहने के लिए तो इन्हें एनआईटी विधानसभा से बाहर का इलाका पसंद है। तथा चुनाव लड़ने के लिए कॉलोनी पसंद है। हमें एनआईटी विधानसभा में रहने वाला हमारे बीच का व्यक्ति चाहिए न की बाहरी। श्री शर्मा ने कहा कि जो लोग चुनाव लड़ने कॉलोनी में आते हैं। ऐसे लोग सिर्फ चुनाव के समय ही इन कॉलोनियों में दिखाई देंगे। इसके बाद कहां गए, किसी को कुछ पता तक नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कई लोग आएंगे और खुद को आपके बीच का बताएंगे। ऐसे लोगों की पहचान कर अपनी वोट की ताकत से इन्हें मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि जो एनआईटी विधानसभा में ही न रहता हो, वह इस इलाके के लोगों के लिए क्या करेगा। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने जनता से आवाह्न किया कि अब तय उन्हें (जनता को) करना है कि विधायक उन्हें बाहरी चाहिए या कॉलोनी का। जिस पर जनता ने एक स्वर में कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विधायक को स्थानीय होना जरुरी है। श्री शर्मा ने भाजपा द्वारा फैलाई बेरोजगारी का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल में कोई चपरासी तक भर्ती नहीं किया। यह केवल कच्ची नौकरी देकर लोगों के साथ कुठाराघात करते रहे। लेकिन अब कांग्रेस सरकार आते ही हरियाणा के योग्य अभियार्थियों को 2 लाख पक्की सरकारी नौकरी दी जाएंगी। बता दें कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित जितेंद्र कौशिक ने की। जहां चौधरी प्रेम, राजन चौधरी, बिरजू चौधरी, नेहरू रावत, मुकेश वर्मा, राजू गुप्ता, खिल्लू, प्रेम शंकर शर्मा, जितेंद्र यादव, विनय गोयल शिक्षाविद्, डीपी चौहान, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश माथुर, कौशल शर्मा, रोहित अरोड़ा, सौरभ त्यागी, हनी अरोड़ा, अमन शिखारी, तरुण लाला, जॉनी जाट आदि मौजूद रहे।

आतिशी के मुख्यमंत्री बनने में विधायकों की सहमति नहीं

# केजरीवाल की रिहाई भाजपा को कम, कांग्रेस को ज्यादा नुकसान करेगी

**एक** आकस्मिक घटनाक्रम में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सशर्त जेल से रिहा कर दिया। इस रिहाई से आम आदमी पार्टी की बल्ले बल्ले हो गई जो बिना कांग्रेस से गठबंधन के अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। अति महत्वाकांक्षी आम आदमी ने



अपनी शर्तों के आधार पर कांग्रेस से गठबंधन नहीं किया, क्योंकि कांग्रेस अपने दम पर हरियाणा में वापस सत्ता में लौटने के सपने देख रही है लेकिन उसका सपना उसी की पार्टी के बागी व पूर्व अध्यक्ष कुमारी शैलजा चूर-चूर करने पर तुली हैं। कांग्रेस पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। दूसरी, और भाजपा कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए बागी उम्मीदवारों के बल पर चुनाव लड़ रही है। सुप्रीम कोर्ट से अचानक रिहा होने के बाद केजरीवाल पूरी फॉर्म में चुनाव मैदान में उतर चुके हैं।



## केजरीवाल भाजपा के कम, कांग्रेस के ज्यादा वोट काटेंगे

केजरीवाल खुले आम भाजपा सरकार की बुराई कर रहे हैं। उसकी कमियां खामियां जनता के सामने रख रहे हैं। क्योंकि विगत दो दशकों से हरियाणा में भाजपा राज कर रही है। हरियाणा में पहले जाट ही मुख्यमंत्री होता था लेकिन भाजपा ने इस मिथक को तोड़ दिया पहले खट्टर को फिर सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम को आगे नहीं किया है। कांग्रेस के साथ-साथ केजरीवाल भी भाजपा की बुराई कर रहे हैं। इससे भाजपा वोटों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है लेकिन कांग्रेस के वोटरों पर जरूर पड़ रहा है। यदि आप पार्टी और कांग्रेस मिलकर लड़ते तो जरूर सत्ता तक पहुंच सकते थे लेकिन एक दूसरे के वोट काटकर वह अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को लाभ पहुंचा रहे हैं।

## आतिशी के मुख्यमंत्री बनने में विधायकों की सहमति नहीं

अरविंद केजरीवाल जो 177 दिन जेल काटकर आए हैं बड़े शातिर एवं चतुर राजनीतिज्ञ बन चुके हैं। केजरीवाल ने बिना नाम बताएं अपने विधायकों से एक लाइन का प्रस्ताव पारित करा लिया एवं आतिशी को मुख्यमंत्री बनवा दिया। जबकि अधिकांश विधायक केजरीवाल की पत्नी को मुख्यमंत्री बनाने के पक्ष में थे। आतिशी के मुख्यमंत्री बनने से विधायक तो नाराज है ही बल्कि भाजपा भी उनका नाम आतंकी अफजल गुरु के साथ जोड़ रही है। ऐसी स्थिति में आतिशी दिल्ली की कमान सकुशल संभाल पाएगी या नहीं यह तो समय ही बताएगा? जब तक हरियाणा के चुनाव संपन्न नहीं हो जाते तब तक अरविंद केजरीवाल रात रात दिन उसमें जुटे रहेंगे। यदि थोड़ी बहुत सीटें जीत पाती है तो उसके सहयोग के बिना सरकार बनना मुश्किल होगा

## आतिशी को जय श्री राम का नारा लगाना महंगा पड़ा

दिल्ली के उपनगर जिसका नाम भी श्री राम नगर है मैं दिल्ली की नई-नई मुख्यमंत्री बनी आतिशी को जनसभा में जय श्री राम का नारा लगवाना महंगा पड़ गया। सभा में मौजूद अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भड़क गए। वे सब एक साथ खड़े हो गए और हो हल्ला करने लगे। ऐसी स्थिति में आतिशी को भी भरी सभा में अपने कृत्य पर माफी मांगनी पड़ी तथा भविष्य में जय श्री राम का नारा नहीं लगाने की कसम तक खानी पड़ी। कहने का तात्पर्य यह है कि विपक्ष यदि अपनी लाइन छोड़कर दूसरी लाइन पकड़ता है तो जनता उसे माफ नहीं करती है। आपको अपनी लाइन के सहारे चलना पड़ेगा। देश के गृहमंत्री तक जम्मू कश्मीर में अल्पसंख्यक त्योहार पर मुफ्त में सिलेंडर देने की घोषणा कर चुके हैं।

# आतिशी ने संभाला पद, चलाएगी खड़ाऊं सरकार

### आतिशी ने केजरीवाल की कुर्सी खाली छोड़ी, कहा- जैसे भरत ने खड़ाऊं रखकर सिंहासन संभाला, मैं दिल्ली संभालूंगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार (23 सितंबर) को पदभार संभाल लिया। वह सुबह 12 बजे सीएम ऑफिस पहुंची और औपचारिकताएं पूरी कीं। इस दौरान आतिशी ने सीएम ऑफिस में एक खाली कुर्सी छोड़ दी और खुद दूसरी कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने कहा- जैसे राम के वनवास जाने के बाद भरत ने खड़ाऊं रखकर अयोध्या का सिंहासन संभाला, मैं उसी तरह दिल्ली सीएम की कुर्सी संभालूंगी। 4 महीने बाद दिल्ली के लोग केजरीवाल को फिर से इसी कुर्सी पर बैठाएंगे। तब तक ये कुर्सी इसी कमरे में रहेगी और केजरीवाल जी का इंतजार करेगी। आतिशी के बयान पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- इस हरकत से आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की गरिमा के साथ ही दिल्ली की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। यह कोई आदर्श नहीं हैं।

रक्षामंत्री ने सोमवार को जयपुर में किया सैनिक स्कूल का उद्घाटन

# देश की अर्थव्यवस्था में प्राइवेट सेक्टर का बड़ा योगदान : राजनाथ सिंह

एजेंसी

**जयपुर।** आज पीपीपी मोड की भूमिका बदल गई है। अब तक इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप कहा जाता था, लेकिन इसे प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप कहना ज्यादा उचित हैं, क्योंकि आज प्राइवेट सेक्टर की भूमिका पब्लिक सेक्टर से कहीं ज्यादा हो गई है। देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान प्राइवेट सेक्टर का रहता है। यह बात देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को जयपुर में सैनिक स्कूल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करने के दौरान कही।

यहां उद्घाटन के बाद कई लोगों ने अपनी मांगों को लेकर राजनाथ सिंह से मुलाकात करने की भी कोशिश की। इस दौरान एक कैडेट ने अपनी मां के ट्रांसफर के लिए रक्षामंत्री का सुरक्षा घेरा तक तोड़ दिया। ऐसे में सुरक्षाकर्मी उसे उठाकर पीछे की ओर धकेल दिए।

दरअसल, जयपुर के श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में सोमवार को नए स्थापित सैनिक स्कूल का औपचारिक उद्घाटन हुआ। इस दौरान देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का राजस्थानी अंदाज में स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। रक्षामंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वो खुद एक शिक्षक रह चुके हैं। इसलिए शैक्षणिक संस्थाओं में जाना उन्हें पसंद है। इस दौरान उन्होंने राजस्थान को वीरों की धरती बताते हुए कहा कि इस धारा में शौर्य वीरता कण-कण में रची बसी है।

उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे सेना में जाने के लिए दौड़ लगाते हैं।



ये उनका जज्बा है। आगे उन्होंने जयपुर की विरासत और संस्कृति का बखान करते हुए कहा कि भारत आने वाला हर एक प्रवासी जयपुर आना पसंद करता है। उन्होंने देश में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने के पीछे के कारण को बताते हुए कहा कि देश में अब तक जो स्कूल रहे, उसमें केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार की भूमिका रहती है, लेकिन अब पीपीपी मोड पर 100 सैनिक स्कूल संचालित किए जा रहे हैं।

हालांकि, ये पीपीपी मोड पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप नहीं, बल्कि प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप है। ऐसा इसलिए, क्योंकि देश की इकोनॉमी में भी अब प्राइवेट की भूमिका अहम हो गई है। देश की कृषि का बड़ा हिस्सा अब प्राइवेट सेक्टर में हैं। इकोनॉमी के दोनों सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर की भूमिका ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को भारत में समाज और राष्ट्र के आधार के रूप में देखा गया।

प्राचीन शिक्षा में आध्यात्म पर जोर रहा है, लेकिन ये सिक्के का एक पहलू है। केवल आध्यात्म ही नहीं विज्ञान, गणित, संगीत समेत विभिन्न विषयों पर भी जोर रहा है।

अनेक गणितज्ञों ने भारत ने जन्म लिया। नंबर सिस्टम हमारे यहां से निकला तो दुनियां ने इसे अरब का हिस्सा माना। लेकिन मूल शुरुआत यही है। उन्होंने कहा कि मन का आकार नहीं लेकिन मन बड़ा होगा, तो आनंद मिलेगा और एक समय परमानंद की अनुभूति होगी। जैसे जैसे मन की परिधि बढ़ेगी आनंद भी विस्तार लेगा। इसे उन्होंने एक मैथमेटिकल इक्वेशन का भी रूप दिया।

इस दौरान उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप मेहनत करने से कभी मत कतराना, तपकर ही व्यक्ति निखरता है। जी तोड़ मेहनत से आगे बढ़ना है। वहीं शिक्षकों से कहा कि विद्यालय की गरिमा हमेश बनी रहे। ये प्रयास होना चाहिए। सैनिक स्कूल की विरासत हमेशा बनी रहे। उन्होंने श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति की मांग पर उन्हें स्कूल के लिए सेना के पुराने टैंक और वाहन उपलब्ध कराने की हर संभव मदद करने की बात कही।

सुरक्षा घेरा तोड़कर राजनाथ के पास पहुंचा एनसीसी कैडेट

## बोला : मेरी मम्मी का ट्रांसफर नहीं हो रहा



जयपुर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया है। राजनाथ सिंह सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन स्कूल के कैंपस में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर सैनिक स्कूल का उद्घाटन करने आए थे। कार्यक्रम के बाद वह एयरपोर्ट के लिए रवाना हो रहे थे। इसी दौरान एक छात्र सुरक्षा घेरा तोड़कर उनके पास पहुंच गया। सुरक्षाकर्मियों ने छात्र को उठाकर बाहर की ओर धकेल दिया। हालांकि राजनाथ सिंह ने छात्र को अपने पास बुलाया और उसकी बात सुनी। छात्र हर्ष भारद्वाज ने कहा- वह 10वीं क्लास में पढ़ता है और जयपुर में अकेला रहता है। उसकी मम्मी झालावाड़ में सरकारी टीचर हैं। उनका ट्रांसफर यहां नहीं हो रहा है। हालांकि राजनाथसिंह ने छात्र से उसकी एप्लिकेशन नहीं ली।

### पुलिस ने कहा- सुरक्षा घेरा नहीं टूटा

इस मामले को लेकर जयपुर पुलिस का कहना है कि जो छात्र रक्षा मंत्री से मिलने पहुंचा था, वो एनसीसी कैडेट था। उसे रक्षा मंत्री ने स्वयं बात करने के लिए बुलाया था। वह मौके पर ही मौजूद था। ऐसे में सुरक्षा घेरा और प्रॉटोकॉल टूटने जैसी कोई घटना नहीं हुई है।

# जयपुर हेरिटेज की मेयर मुनेश को सरकार ने किया सस्पेंड



### रिश्वतकांड में सामने आई थी भूमिका, 13 महीने में तीसरी बार निलंबित हुईं

एजेंसी

**जयपुर।** जयपुर हेरिटेज नगर निगम की मेयर को सरकार ने सस्पेंड कर दिया गया। उन्होंने सरकार के नोटिस का समय पर (21 सितंबर तक) जवाब पेश नहीं किया था। सूत्रों का कहना है कि सरकार ने इस पर कानूनी विशेषज्ञों से राय ली थी। इसके बाद सस्पेंशन का आदेश जारी कर दिया गया है। सरकार जल्द ही कार्यवाहक मेयर के आदेश भी जारी कर सकती है।

सरकार ने सबसे पहले 11 सितंबर को मेयर को नोटिस जारी किया था, तब ये नोटिस जांच अधिकारी की तरफ से जारी किया गया था। इसका तीन दिन बाद मेयर ने अपने एडवोकेट के जरिए जवाब भिजवाया था। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने 18 सितंबर को दूसरा नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था, लेकिन 21 सितंबर को रात 11 बजे तक कोई जवाब नहीं दिया गया।

### मुनेश गुर्जर की याचिका पर 2 सप्ताह बाद सुनवाई होगी

वहीं, रिश्वत लेने के मामले में हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर पर एसीबी में दर्ज एफआईआर को रद्द करने की याचिका पर 2 सप्ताह बाद सुनवाई होगी। मुनेश की तरफ से 21 सितंबर को कोर्ट में बहस के लिए समय मांगा गया था। मुनेश के वकील दीपक चौहान ने हाईकोर्ट में कहा था- मामले में एसीबी ने चालान पेश कर दिया है। हमने इससे संबंधित दस्तावेज हाईकोर्ट में पेश किए हैं। ऐसे में हमें बहस के लिए समय दिया जाए। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। बता दें कि एसीबी ने 19 सितंबर को मुनेश गुर्जर के खिलाफ चालान पेश किया था।

### तीसरी बार हुआ सस्पेंशन

13 महीने में ये तीसरा मौका है, जब मुनेश गुर्जर को सस्पेंड किया गया है। इससे पहले गहलोत सरकार ने मुनेश गुर्जर को 5 अगस्त 2023 और फिर 26 सितंबर 2023 को सस्पेंड किया था। हालांकि दोनों बार मेयर ने सरकार के इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी, जहां से उनको राहत मिली और वे वापस मेयर की कुर्सी पर बैठीं।

## बदलापुर कांड के आरोपी का एनकाउंटर

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बदलापुर में पिछले महीने केजी की 3 और 4 साल की 2 बच्चियों से यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे की एनकाउंटर में मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने सोमवार को पुलिस रिवॉल्वर छीनी और 3 राउंड फायरिंग की। इसमें एक अफसर घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी शिंदे को गोली लगी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना शाम साढ़े 5 बजे की है। शुरुआत में जानकारी मिली थी कि आरोपी ने खुद पर ही गोली चलाई।

# इजराइल ने लेबनान पर दागी 300 मिसाइल, 274 की मौत

### हमले से पहले मैसेज भेजा- लोग सुरक्षित जगहों पर चले जाएं, लगातार 4 दिन में 900 स्ट्राइक कीं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इजराइल ने सोमवार, 23 सितंबर को पूरे लेबनान में 300 से ज्यादा मिसाइल दागीं। इस हमले में अब तक 274 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

अलजजीरा के मुताबिक गाजा जंग शुरू होने के बाद लेबनान पर यह अब तक सबसे बड़ा हमला है। हमले के बाद लेबनान में दो दिन के लिए स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लोग सुरक्षित जगहों पर जाते देखे



गए। इस वजह से कई शहरों में ट्रैफिक जाम की स्थिति है।

हमले के बाद आईडीएफ ने कहा है कि वे जल्द ही लेबनान के बेका घाटी में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भी हमला करेंगे। उन्होंने घाटी में रह रहे आम लोगों को 2 घंटे के भीतर इलाका खाली करने को कहा है।

इजराइल का यह लगातार चौथे दिन मिसाइल हमला है। इस दौरान लेबनान के शहरों पर 900 से ज्यादा मिसाइल दागीं गई, जिनमें अब तक 250 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

## अब किरोड़ीलाल ने आरएएस भर्ती 2018 और 2021 पर उठाए सवाल

**जयपुर।** आरएएस भर्ती 2018 और 2021 में धांधली के आरोप के साथ ही कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने आरपीएससी के तत्कालीन अध्यक्षों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मीणा ने इन अध्यक्षों की भूमिका पर मिलीभगत करने के आरोप के साथ इनकी शिकायत की कॉपी मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव शिखर अग्रवाल को दी है। इस दौरान मीणा ने आरएएस 2018 और 2021 पेपर लीक को लेकर सबूत भी सौंपे और कहा कि तीन मुख्य पूर्व अध्यक्ष दीपक उप्रेती, शिव सिंह राठौड़ और संजय श्रोत्रिय इसमें शामिल हैं। इनकी भूमिका की जांच सीबीआई या फिर एसओजी से कराने की मांग की। आगे 2018 के आरएएस टॉपर की कॉपी को लेकर मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने तत्कालीन अध्यक्ष दीपक उप्रेती पर संगीन आरोप लगाए।

कमरे में से उठाकर ले गया, मुंह में कपड़ा ठूंसा

# नाबालिग बेटी को चारपाई से बांधकर पिता ने किया रेप

एजेंसी

**लालसोट (दौसा)।** दौसा में 14 साल की बेटी के साथ पिता ने रेप किया। सो रही बेटी को वह कमरे में उठाकर ले गया और वहां चारपाई से बांध दिया। मासूम के मुंह में कपड़ा ठूंस कर हैवानियत की। घटना के बाद जैसे-तैसे बच्ची बाड़े में सो रही मां के पास ही पहुंची और आपबीती बताई। महिला ने पति के कमरे की कुंदी लगा दी और रात 3 बजे थाने पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को अरेस्ट कर लिया।

लालसोट एएसपी दिनेश अग्रवाल ने बताया- मामला रामगढ़ पचवारा इलाके के एक गांव का है। 22 सितंबर (रविवार) को रात 12.30 बजे आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। 35 साल के आरोपी को पकड़ लिया है। रात को पीड़िता अपनी बहनों के साथ अलग कमरे में सो रही थीं। आरोपी अलग कमरे में सो रहा था। रात 12.30 बजे आरोपी पीड़िता के कमरे में पहुंचा और उसे उठाकर अपने कमरे में ले गया। वहां बेटी को चारपाई से बांध दिया। उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर रेप दिया। हैवान पिता के चंगुल से छुटकर पीड़िता मां के पास बाड़े में पहुंची। उसने घटना के बारे में मां को बताया।

### रात 3 बजे ही बेटी को लेकर थाने पहुंच गई

मां आरोपी के कमरे में पहुंची तो वह सो रहा था। महिला ने गेट की कुंदी बाहर से बंद की और घटना की जानकारी अपने पिता और भाई को कॉल कर दी। रात 3 बजे ही वह बेटी को लेकर थाने पहुंच गई। वहां महिला के पिता और भाई भी पहुंच गए। महिला ने अपने पति के खिलाफ थाने में बेटी से रेप का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। पुलिस ने सुबह होने से पहले ही मौके पर पहुंचकर आरोपी को डिटेन कर लिया। नाबालिग लड़की का मेडिकल करवाने के बाद 164 के बयान करवाए गए हैं। एसएचओ को 24 से 36 घंटे में चालान पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच थाना प्रभारी रामशरण गुर्जर कर रहे हैं।

विवाद | रेल मंत्री रवनीत सिंह ने कहा : राहुल गांधी चाहते हैं कि सिख देश के खिलाफ हथियार उठा लें

# राहुल गांधी पप्पू या बहुत शातिर आदमी : बिट्टू

एजेंसी

**जयपुर।** रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने एक बार फिर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला है। उन्होने कहा- राहुल गांधी पप्पू हैं या बहुत ही शैतान शातिर आदमी हैं। राहुल चाहते हैं कि सिख अपने देश के खिलाफ दोबारा हथियार उठा लें। उनके अंदर ये बीज बोया जा रहा है।

दरअसल, 10 सितंबर को अमेरिका में राहुल ने कहा था कि भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं। इसके जवाब में बिट्टू ने राहुल गांधी को देश का सबसे बड़ा आतंकवादी कहा था। इन दोनों बयानों को लेकर काफी विवाद हुआ था।



रवनीत सिंह बिट्टू सोमवार को जयपुर में एक शूटिंग चैंपियनशिप कॉम्पिटिशन का उद्घाटन करने आए थे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमारे देश में सिख को झुककर सरदार जी कहकर संबोधित किया जाता है। मुझे नहीं लगता कि किसी को ये सम्मान मिलता है। वो चीज ये खत्म करना चाहते हैं। ये आग में घी डालने का काम रहे है। चाहे वो किसानों का आंदोलन हो या हरियाणा में इलेक्शन हो।

### मुझसे ज्यादा राहुल को नहीं जानते

रवनीत सिंह बिट्टू को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जयपुर में काले झंडे भी दिखाए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा- उन्हें तकलीफ करने की जरूरत क्यों है। मेरे पास आ जाते, मैं उनको खुद बुला लेता। वो आकर मेरे साथ बात करें। मैं तो उनमें से ही आया हूं। मेरे से ज्यादा वो राहुल गांधी के बारे में नहीं जानते हैं। मैं तो 15 साल उनके साथ रहा। उनका तीन बार जीता हुआ एमपी था। तब उन्हें छोड़कर आया हूं। मेरे से ज्यादा राहुल गांधी को कौन जानता है। बिट्टू ने कहा कि मुझे देश में पगड़ी नहीं बांधने दी जा रही। मुझे देश में कड़ा नहीं पहनने दिया जा रहा। मैं गुरुद्वारा नहीं जा सकता। आप मुझे बताओ, ये कोई अच्छी बात है। आप क्यों माइनॉरिटी को बार-बार छेड़ रहे हैं। वायुसेना जिनके अंडर है, वो पगड़ी बांधते हैं। सीआईएसएफ के डीजी एक पंजाबी सिख हैं। इनके अंडर में एयरपोर्ट, मेट्रो और संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। राहुल गांधी को भी उनसे होकर जाना है। मैं भी एक सिख हूं। आपके सामने बैठा हूं। इस तरीके की बात करना वो भी अमेरिका में जाकर इसका मतलब क्या है। मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कहा कि राहुल गांधी के परिवार ने दरबार साहिब पर हमला किया। दरबार साहिब को छलनी किया, फिर भी राहुल गांधी दरबार साहिब पर मत्था टेकने पगड़ी बांधकर जाते हैं। उनको कौन रोक रहा है।

### कोई एक सिख मेरे सामने लेकर आए, जिसे गुरुद्वारा में जाने से रोका गया हो

राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी मुझे ये बताए कि सिखों को कौन रोक रहा है। कोई प्रूफ तो दें कि इस सिख को गुरुद्वारा जाने से रोका है। कोई एक सिख मेरे सामने लेकर आए। मेरा विरोध करने से क्या होगा। तेलंगाना विधायक द्वारा रवनीत सिंह बिट्?टू का सिर कलम करने वाले बयान का विरोध करते हुए बिट्?टू ने कहा- मैं इसका विरोध करता हूं। ये विचारों की लड़ाई है। यहां पर लड़ाई हिंसक नहीं है। कोई हथियार उठाकर लड़ाई नहीं लड़ी जा रही है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

# केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का फूंका पुतला, बोले- राजनीति की मर्यादा भूल रहे भाजपा नेता

**बयाना।** कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से एसडीएम कार्यालय के सामने भाजपा नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा दिए गए अशोभनीय अमर्यादित बयान की निंदा करते हुए पुतला फूंका। वक्ताओं ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित भाजपा एवं उनके अन्य सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणियों को अभद्र, हिंसक एवं अशोभनीय करार दिया।



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बहादुर सिंह पटेल, सुभाष सालाबाद, पंचायत समिति के उप-प्रधान विक्रम सिंह नहरौली आदि ने कहा कि भाजपा के नेता राजनीतिक मर्यादा को भूल रहे हैं। इससे आपसी सौहार्द समाप्त होगा। हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनावों में करारी हार की आशंका से बौखलाए भाजपा नेता धर्म मजहब के आधार पर नफरत फैलाने में लगे हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रशासन से भरतपुर जिले में अतिवृष्टि से किसानों की चौपट हुई फसल की तुरंत गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा देने की भी मांग की। इस मौके पर मोहन मिश्रा, झमोली पटेल, पुरुषोत्तम फौजी, बनेसिंह बिड़यारी, टीकम सिंह, प्रदेश यूथ सदस्य विनय सिंह निमेष, रामखिलाड़ी गुर्जर, चंद्रभान सिकंदरा, बच्चू सिंह, देवीसिंह सिंघाड़ा, प्रताप सिंह, गंभीर सिंह आदि कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नदबई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

## केंद्रीय मंत्री का किया पुतला दहन, राहुल गांधी को लेकर दिए बयान का किया विरोध

**नदबई।** नदबई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बयान को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की ओर से मंत्री का पुतला दहन किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरस्वरूप शर्मा ने कहा- मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा जो बयान दिया गया है। इसकी कांग्रेस पार्टी घोर निन्दा करती है। इस तरह के बयानबाजी पर प्रधानमंत्री को प्रसंज्ञान लेना चाहिए, भारतीय लोकतंत्र में ऐसी भाषा को कोई स्थान नहीं है। प्रधानमंत्री को इस प्रकार के अनरगल बयान देने वाले मंत्री से तुरन्त प्रभाव से इस्तीफा लेना चाहिए।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सचिव प्रशांत उपाध्याय ने कहा कि रवनीत सिंह बिट्टू के राजस्थान से राज्य सभा



सांसद होने के नाते आने वाले दिनों में राजस्थान आगमन पर पुर जोर तरीके से विरोध किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर रवनीत सिंह बिट्टू के बयान को बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर अध्यक्ष यूथ कांग्रेस नदबई प्रभाव चौधरी, यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष अनुभव शर्मा, गिरीश जौहरी, लाखन गुर्जर, मदन बिहारिया, दिलीप बहरामदा, नारायनसिंह, समयसिंह सहित सैकडों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### साइबर ठगी का मामला

## बैंक अधिकारी बता लोन का झांसा दिया, फिर जवान के बैंक खाते से 5.84 लाख रुपए निकाले, केस दर्ज




**बीकानेर।** आर्मी की इंजीनियरिंग रेजिमेंट छावनी में पदस्थापित एक जवान के बैंक खाते से साइबर ठग ने करीब 5.84 लाख रुपए निकाल लिए। ठग ने खुद को एसबीआई का बैंक अधिकारी बताकर पहले लोन दिलाने की बात कही, फिर बैंक खाते में आठ लाख रुपए जमा होना बताकर उसके खाते से लाखों रुपए निकाल लिए। आर्मी जवान कुछ समझ पाता इससे पहले साइबर ठग ने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया।

ठगी के शिकार आर्मी जवान बलजिंदर सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह ने सदर थाने में अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। इससे पहले उसने बैंक अधिकारियों से भी संपर्क कर अपने साथ हुए घटनाक्रम के बारे में बताया। सदर पुलिस ने आर्मी जवान के साथ हुई ठगी का मामला दर्ज कर जांच एएसआई वेदपाल को सौंपी है।

#### दो बार में निकाले रुपए

आर्मी जवान बलजिंदर सिंह ने बताया कि साइबर ठग ने उसके बैंक खाते से दो बार में करीब 5.84 लाख रुपए की ठगी की। परिवादी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि 11 सितंबर को उसके पास आकाश वर्मा नामक व्यक्ति का फोन आया था, जिसने स्वयं को एसबीआई का बैंक अधिकारी बताया। उसने पहले एसबीआई का मोबाइल एप डाउनलोड करने की बात कही। फिर उसके मोबाइल पर दो मैसेज आए, जिसमें आठ लाख रुपए जमा होने बताए। इसके बाद आरोपी ने दो पहले ट्रांजेक्शन में 4,90000 तथा दूसरे ट्रांजेक्शन में 94847 रुपए निकाल लिए।

#### साइबर ठगी से बचने के लिए यह टिप्स अपनाएं

साइबर ठगी के केस दिनों-दिन बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में मोबाइल उपभोक्ताओं को खासकर ध्यान रखने की जरूरत है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने मात्र से आपका मोबाइल हैक किया जा सकता है। बैंक संबंधी कोई जानकारी देने से भी आपका बैंक अकाउंट खाली हो सकता है। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी बैंक संबंधी जानकारी को शेयर नहीं करें, ना ही उसे ओटीपी बताएं। बैंक कभी भी आपके मोबाइल पर इस प्रकार की जानकारी नहीं मांगता है। कोई भी बैंक आपको मोबाइल पर ई-केवाईसी का भी नहीं बोलता है। ध्यान रखें ऑनलाइन व्यापार और लेन-देन में केवल प्रमाणित वेबसाइट से ही खरीदारी करें और सुनिश्चित करें कि लेन-देन सुरक्षित है। सुरक्षित और स्ट्रांग पासवर्ड का प्रयोग करें, किसी व्यक्ति को अपने पासवर्ड की जानकारी भी नहीं दें। यदि आपका किसी संदिग्ध गतिविधि से सामना होता है, तो तुरंत अपने स्थानीय पुलिस या साइबर सुरक्षा एजेंसी को सूचित करें। या साइबर अपराध टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज करवाएं।

## सेक्सटॉर्शन से ठगी करते आरोपी को पुलिस ने दबोचा

### *एक नाबालिग भी डिटेन, 6 मोबाइल जप्त; नगर थाना पुलिस की कार्रवाई*

**भरतपुर।** डीग जिला पुलिस लगातार साइबर ठगों के खिलाफ कार्रवाई ओरने में लगी हुई है। नगर थाना पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया और एक नाबालिग को पकड़ा। आरोपियों से 6 मोबाइल जब्त किए गए। दोनों आरोपी अनजान लोगों को सेक्सटॉर्शन में फंसाकर ठगी करते थे। नगर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया- थाने के पुलिसकर्मियों की टीम का गठन किया गया। पुलिस का जाब्ता भोलू का नगला गांव पहुंचा और, गांव के पास बनी एक पक्की कोठरी में दबिश दी। जहां से एक साइबर ठग रोकिल निवासी नीमकी गांव थाना नगर को गिरफ्तार किया और नाबालिग को भी पकड़ा। दोनों की तलाशी लेने पर 6 मोबाइल जब्त किए गए। दोनों अनजान लोगों को सेक्सटॉर्शन में फंसाकर ठगी करते थे। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।



आरोपियों के मोबाइल में अश्लील वीडियो, लोगों से ब्लैकमेलिंग के मैसेज मिले हैं। साइबर ठगों पर कार्रवाई के बाद भी मेवात इलाके के साइबर ठग लगातार साइबर ठगी करने में लगे हुए हैं। पुलिस जबकि मेवात इलाके में जाकर लोगों से समझा रही है। कुछ गांवों में ऐसे भी हैं जो साइबर ठगी के खिलाफ हो चुके हैं।

### नोखा के 97वें स्थापना दिवस पर हुआ कवि सम्मेलन

## हास्य कवि बुद्धिप्रकाश दाधीच ने बांधा समां, पद्मश्री सुनील जोगी ने भी किया कविता पाठ

**नोखा।** नोखा के 97वें स्थापना दिवस के अवसर पर रात्रि को नोखा नगरपालिका द्वारा एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजकीय भट्टड़ स्कूल प्रांगण में रात 9 बजे से प्रारंभ हुआ और सुबह 4 बजे तक चला। इस कवि सम्मेलन में नोखा के रसिक श्रोताओं को कविता की विभिन्न विधाओं से परिचित होने का अवसर मिला।

हास्य कवि बुद्धिप्रकाश दाधीच ने अपने हास्य मुक्तकों के साथ-साथ पिछले कवि सम्मेलनों से जुड़े कई दिलचस्प किस्से सुनाए। इसके अलावा पद्मश्री सुनील जोगी ने अपनी व्यंग्यपूर्ण और धारदार कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ओजस्वी कवि व गीतकार जगदीश सोलंकी, श्रृंगार रस की कवियत्री वैशाली शुक्ला, व्यंग्यकार व हास्य कवि तेजनारायण बैचेन, लाफ्टर शो फेम पंडित सुनील व्यास और हास्य कवि दीपक पारीक ने भी अपनी कविताओं से




श्रोताओं को खूब हंसाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भागवताचार्य कन्हैयालाल पालीवाल ने किया, जबकि नगरपालिका अध्यक्ष नारायण झंवर और उपाध्यक्ष निर्मल भूरा ने पार्षदों और पालिका कार्मिकों के साथ मिलकर अतिथियों व कवियों का स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान नोखा थानाधिकारी हंसराज लूणा के नेतृत्व में पुलिस बल ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और शहरवासी उपस्थित रहे, जो देर रात तक इस साहित्यिक आयोजन का आनंद लेते रहे।

## छात्राओं को गुड टच-बैड टच की दी जानकारी, इमरजेंसी नम्बर बताए



**कोटा।** यूथ एक्शन फॉर सोसाइटी व गायत्री परिवार की ओर से एक निजी स्कूल में बालिकाओं को गुड टच-बैड टच की जानकारी दी गई। सोसाइटी के जिला कोऑर्डिनेटर व चाइल्ड लाइन के पूर्व जिला कोऑर्डिनेटर अमरलाल ने बताया कि 101, 104, 108, 1090, 1098, 1071, 1072 आदि इमरजेंसी नंबरों के बारे में बताया गया। गायत्री परिवार के प्रधान संचालक यज्ञ दत्त हाड़ा ने बालिकाओं को उनके अधिकार व उपभोक्ता अधिनियम के बारे में बताया। समर्पण बहुउद्देशीय समिति के अध्यक्ष आरके कसेरा ने 10वीं व 12वीं कक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाली बालिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्राचार्य अमिता सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## युवा नशे और बुरी आदतों से बचते हुए नेक काम करें: रजवी



**कोटा।** शहर के साजीदेहड़ा स्थित रजा चौक में रात को मोहसिने आजम कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें युवाओं को नशे, बुरी लतों से बचते हुए नेक काम करने की नसीहत दी गई। साथ ही जाहिल पीरों और मुजाविरों से बचते रहने का दर्स दिया गया। इनकी संगत में रहने से युवा अपने ईमान को भी नहीं बचा पाते हैं। दारुल उलूम फैजानुर्रसूल के संचालक मौलाना इदरीस रजा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा गौसिया रजविया के प्रभारी मुफ्ती यामीन निजामी ने की। मुख्य वक्ता मुरादाबाद के कारी सखावत हुसैन रजवी रहे। उन्होंने इस्लामी तालीम पर अमल करने का आह्वान करते हुए युवाओं को तमाम बुरी बातों से दूर रहने की सीख दी। इस दौरान मुरादाबाद के नातख्वां मौलाना नौशाद आलम और कारी मुस्तकीम ने पुरकशिश आवाज में नातेपाक पेश की, जिस पर मौजूद लोगों ने उनकी हौसला अफजाई की। कार्यक्रम का संचालन मौलाना कमरुद्दीन अशरफी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सलातो सलाम पढ़कर देश में खुशहाली और भाईचारा कायम रहने की खास दुआ की गई, जिस पर लोगों ने आमीन की सदाएं बुलंद की।

### रसद विभाग की टीम ने दो जगह की छापेमारी

## अवैध रिफलिंग करने वालों के यहां से आठ सिलेंडर जब्त, मशीने भी सीज



**बीकानेर।** खाद्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से सिलेंडर रिफलिंग करने वालों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। दो जगह छापामारी की गई, इस दौरान आठ सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री श्री सुमित गोदारा के निर्देश पर 17 से 27 सितम्बर तक एलपीजी के दुरुपयोग एवं अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भी कार्यवाही की गई। घरेलू सिलेण्डर के व्यावसायिक दुरूपयोग की रोकथाम के लिए जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि द्वारा गठित टीम ने गंगाशहर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया। जिला रसद अधिकारी भागुराम महला ने बताया कि जैन कॉलेज के पास, नोखा रोड पर 2 घरेलू एलपीजी सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, एक मोटर एवं पाबू चौक वाली रोड गंगाशहर में किशन गहलोत की दुकान से 5 घरेलू एलपीजी सिलेंडर व 1 व्यावसायिक सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, एक रिफिलिंग मोटर सहित दोनों स्थानों से अवैध रिफिलिंग करते पाए जाने पर कुल 8 एलपीजी सिलेंडर मय इलेक्ट्रॉनिक काँटे व मोटर जब्त किए गए है।।

उन्होंने बताया कि सिलेण्डरों को घरेलू उपयोग से इतर वाहनों में अवैध रिफिलिंग करते पाए जाने पर द्रवित पेट्रोलियम गैस आपूर्ति आदेश 2000 के उपबन्धों का स्पष्ट उल्लघंन किए जाने पर सिलेण्डर एवं अन्य सामग्री को जब्त किया गया है। जब्त सामग्री को डागा गैस एजेंसी गंगाशहर को सुपुर्द किया गए। जब्त समान का प्रकरण आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6 ए के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गैस सिलेण्डरों में तीव्र द्रवित ज्वलनशील पदार्थ होने एवं असुरक्षित रूप से प्रयुक्त करने से रोकथाम के लिए निर्देशित किया। किसी भी स्थिति में 100 किग्रा एलपीजी गैस से अधिक का भण्डारण किसी भी परिसर में नहीं किया जाए। साथ ही सिलेण्डरों को बंद परिसर में उपयोग में नहीं लें। गैस सिलेण्डरों पर प्रेशर रेग्यूलेटर एवं गैस पाईप की गहनता से जांच करते हुए वैधता अवधि में होना सुनिश्चित किया जाए। कार्यवाही में जिला रसद अधिकारी के साथ प्रवर्तन अधिकारी पवन सुथार एवं प्रवर्तन निरीक्षक प्रखर भार्गव सहित उपस्थित रहे।

### नोखा में बालीवॉल प्रतियोगिता का समापन

## अंडर 17 और 19 वर्ष का हुआ फाइनल मुकाबला, विजेताओं को किया स्वागत

**नोखा।** नोखा में राज्य स्तरीय सीबीएसई क्लस्टर वालीबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस दौरान अंडर 17 और 19 वर्ग के फाइनल मैच खेले गए। नारायण बाहेती ने बताया- अंडर 19 वर्ग का फाइनल मुकाबला फेलोशिप मिशन स्कूल जयपुर और स्वामी विवेकानंद गवर्नमेंट मॉडल स्कूल शाहपुरा के बीच खेला गया और इसमें फेलोशिप मिशन स्कूल विजयी रही। अंडर 17 वर्ग का फाइनल मुकाबला संजीवनी इंटरनेशनल स्कूल रावतसर और प्रिंस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन सीकर के बीच खेला गया। जिसमे संजीवनी इंटरनेशनल स्कूल विजयी रही। अंडर 14 वर्ग का फाइनल मुकाबला प्रिंस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन सीकर और राणा इंटरनेशनल स्कूल डेगाना के बीच खेला गया। जिसमे प्रिंस एकेडमी विजयी रही। अंडर 14 वर्ग में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल अजमेर और एनबीएफ पब्लिक स्कूल जयपुर तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 17 वर्ग में सेंट्रल एकेडमी हिरण मगरी उदयपुर और सेंट जेवियर्स स्कूल, नेवता जयपुर तीसरे स्थान पर रहे। अंडर 19 वर्ग में डूंडलोद विद्यापीठ झुंझुनू और




एनबीएफ पब्लिक स्कूल जयपुर तीसरे स्थान पर रहे। सभी विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान वाली टीमों के सभी खिलाड़ियों को सीबीएसई द्वारा मेडल और स्कूल द्वारा खिलाड़ियों को व्यक्तिगत स्मृति चिन्ह व टीम ट्रॉफी दी गई। सभी टीमों के कोच और बच्चो ने स्कूल द्वारा की गई सभी व्यवस्था को खूब सराहा। बाहेती ने कहा कि उनका अगला टारगेट नोखा में नेशनल टूर्नामेंट करवाने का हैं। गोपालसिंह बिठू और उनकी पूरी टीम न निर्णायक की भूमिका निभाई।

## 3डी कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री के प्रश्न को 80% और ज्योमेक्ट्रिकल ऑप्टिक्स के सवाल को 82% विद्यार्थियों ने हल नहीं किया

**बीकानेर।** आईआईटी मद्रास द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड रिपोर्ट में परीक्षा से जुड़े कई रोचक तथ्य सामने आए हैं। सबसे कठिन मानी जाने वाली इस परीक्षा के सवालों का डिफिकल्टी लेवल भी सामने आया है। कई सवाल ऐसे हैं जिन्हें 60 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने अटेंड तक नहीं किया। रिपोर्ट के मुताबिक जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में कुल 1 लाख 80 हजार 200 विद्यार्थी दोनों पेपर्स में उपस्थित हुए। प्रश्नों के अनुसार जारी की गई स्टेटेस्टिक्स के अनुसार कई सवाल ऐसे सामने जिन्हें कुल विद्यार्थियों में से 1 लाख 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने अटेंड ही नहीं किया।

मैथेमेटिक्स के पेपर-1 में 3डी कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री के प्रश्न को 80 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अटेम्प्ट ही नहीं किया। यह सवाल सबसे कठिन रहा। इसके साथ ही लिमिट, प्रोबेब्लिटी, ट्रेक्नोमेट्री, इलिप्स, एलजेब्रा, कोऑर्डिनेट ज्योमेट्री एवं मैट्रिक्स के सवालों को 60 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अटेंड ही नहीं किया। पेपर-2 में एरिया, अंडरकर्व, फंक्शन्स एवं लिमिट के प्रश्नों को भी 1 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने अटेंड ही नहीं किया। वहीं फिजिक्स में पेपर-1 में ज्योमेक्ट्रिकल ऑप्टिक्स का प्रश्न 82 प्रतिशत विद्यार्थियों ने अटेंड नहीं किया। इसके अतिरिक्त मैग्नेटिज्म, वेव्ज ऑन स्ट्रिंग्स, ज्योमेट्रिकल ऑप्टिक्स के प्रश्नों को 1 लाख 20 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने अटेंड नहीं किया।

पेपर-2 में ग्रेविटेशन, मैग्नेटिज्म, इलेक्ट्रोस्टेटिक्स, फ्लूड के प्रश्नों को 1 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने छोड़ दिया। कैमेस्ट्री में पेपर-1 में बायोमोलीक्यूल, एटोमिक फिनोल, इलेक्ट्रो केमेस्ट्री के प्रश्नों को एक लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने अटेंड नहीं किया। वहीं पेपर-2 में पी-ब्लॉक एवं इलेक्ट्रो केमेस्ट्री के प्रश्नों को एक लाख से अधिक विद्यार्थियों ने छोड़ा। ये सभी प्रश्न 60 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों के छोड़े।

इन सवालों के सबसे ज्यादा उत्तर गलत

रिपोर्ट के अनुसार पेपर-1 व पेपर-2 के सभी विषयों में कुछ सवालों के जवाब 50 प्रतिशत से ज्यादा विद्यार्थियों ने गलत दिए। पेपर-1 में प्रत्येक विषय में 17 प्रश्नों में से मैथेमेटिक्स के 5, फिजिक्स में 6, केमेस्ट्री में 6, वहीं पेपर-2 में भी 17 प्रश्नों में से मैथेमेटिक्स में 8, फिजिक्स में 9 व केमेस्ट्री में 6 प्रश्नों के जवाब करीब 90 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने गलत दिए।

यह रहा परीक्षा में पेपर का पैटर्न

वर्ष 2024 में जेईई-एडवांस्ड परीक्षा कुल 360 अंकों की हुई, जिनमें पेपर-1 व पेपर-2, 180-180 अंकों के थे। फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथ्स, की मार्किंग 120-120 अंक रही। पेपर-1 व पेपर-2 दोनों में सवालों की संख्या 51-51 रही, जिनमें प्रत्येक सब्जेक्ट के 17 सवाल रहे। प्रत्येक विषय में पूछे गए 17 सवालों में 4 प्रश्न मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चन, तीन प्रश्न मल्टीपल सलेक्ट क्वेश्चन, 6 सवाल नॉन नेगेटिव इंटीजर एवं 4 मेचिंग लिस्ट बेस्ड रहे।

ये रहे आसान सवाल

कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि रिपोर्ट के अनुसार कई प्रश्न ऐसे भी सामने आए जिनके उत्तर अधिकांश विद्यार्थियों ने सही किए। पेपर-1 में मैथेमेटिक्स में सर्किल, कोऑर्डिनेट ज्योमेक्ट्री, फिजिक्स में यूनिट एंड डायमेंशन, हीट एंड थर्मोडायनेमिक्स, केमेस्ट्री में कोऑर्डिनेशन कम्पाउंड, केमिकल बॉडिंग प्रश्नों के उत्तर अधिकांश ने सही दिए। इसी प्रकार पेपर-2 में मैथेमेटिक्स में इनवर्स थर्मोडायनेमिक फंक्शन, लिमिट, वेक्टर, फिजिक्स में इलेक्ट्रो स्टेटेटिक्स, एटोमिक स्ट्रक्चर, एरोमेटिक कम्पाउण्ड, कोऑर्डिनेशन कम्पाउंड, साल्ट ऐनालिसिस जैसे प्रश्नों के उत्तर अधिकांश विद्यार्थियों ने पूरी तरह सही दिए।

# शहर का बडा आर के काम्पलैक्स मे करोडों का कारोबार सैकडों लोगो का आना जाना व सैकडों नौकरी करते है कभी बडी जनहानी होगी ...

## आने जाने का एक ही रास्ता अंदर ही विघुत ट्रांसफर फिर प्रशासन अंधा बनकर क्यू बैठा है हादशे का इन्तजार कर रहे हैं फिर कारवाई करेगे

## काम्पलैक्स के अंदर सुरक्षा नाम की चीज व सबसे ज्यादा गंदगी व पार्किग नहीं है

द पुलिस पोस्ट

**शिवगंज** शहर का सबसे बड़ा आर के काम्पलैक्स जिसमें सुविधा सिर्फ दुकान बेचकर पैसा कमाना वह दुकानों को किराया पर देकर पैसा कमाना इस सेठ का काम रहा था वह किसी प्रकार की सुविधा नहीं होने के बाद भी इस काम्प्लैक्स में व्यापार सबसे ज्यादा चल रहा है क्योंकि शिवगंज में कपड़ों की व्यापार मंडी है सबसे ज्यादा दुकान शिवगंज में होने से यहां आस-पास सैकड़ो गांवो से लोग आकर कपड़ों की खरीददारी करते हैं क्योंकि यहां जैसे कपड़े मिलते हैं वहां आज तक किसी भी इलाके में नहीं मिलते होंगे क्योंकि यहां पर कलकत्ता गुजरात जयपुर जहां से भी अच्छे महिलाओं के जरी भरे ड्रेस आते हैं वह यहां पर मिल जाते हैं नए युग से लेकर पुराने युग तक के कपड़े मिलते हैं एक ड्रेस एक हजार से पाँच लाख तक मिलता है यहां पर व्यापारियों ने अपने बड़े-बड़े शोरूम बनाकर रखे हुए है और इस काम्प्लैक्स के अंदर करीब 200 दुकाने कपड़ों की होगी और बाकी गोदाम बनाए हुए है क्योंकि इस काम्प्लैक्स में प्रवेश द्वार एक है और बाहर निकलने का रास्ता भी एक है अंदर जाने का रास्ता पीछे के रास्ते में विद्युत का ट्रांसफॉर्म लगा कर रखा हुआ है दरवाजा बंद कर रखा हुआ है जो आज बडे महा हादशे का इंतजार करता है शिवगंज शहर में जब भी बड़े अधिकारी आए उनको इस काम्प्लैक्स की जानकारी देने के बाद भी इस काम्प्लैक्स पर ध्यान नहीं दे रहे हैं इनको पता है कि जब हादसा होगा तो हो सकता है लोगों के सैकड़ों जीवन जा सकता है और करोड़ों रुपए का नुकसान हो सकता है यहां पर जनहानी व धनहानी दोनों हो सकती है क्योंकि इस काम्प्लैक्स में सैकड़ो दुकानो होने से महिला पुरुष बुजुर्ग वह बच्चे बाजार में आते हैं इस तेज गर्मी नौतपा गर्मी के हिसाब से भगवान ने कुछ नहीं किया अगर एक ऐसी में विस्फोट हुआ तो उस ऐसी के विस्फोट से सैकड़ों जान जा सकती है क्योंकि इस काम्प्लैक्स में सुरक्षा नाम की कोई चीज नहीं है काम्पलैक्स मालिक ने धन कमाने के अलावा कोई काम नहीं किया इस काम्प्लैक्स के अंदर करीब 200 के करीब ऐसी लगे हुए है और ऐसी में हादसा नहीं होने की कोई जिम्मेदारी नहीं होती पर भगवान शहर पर मेहरबानी की हादसा नहीं होता है अगर इस काम्प्लैक्स के मुख्य द्वार पर विद्युत लाइन लगी हुई है उनमें भी विस्फोट होकर यहां वह दोनों तार इकट्ठे होकर आपस में आग से हुए हो वह आग लगी तो सैकड़ों लोगों की जान जाएगी जिसका जिम्मेदार कौन होगा क्या शिवगंज पालिका प्रशासन या उपखंड प्रशासन इसकी जिम्मेदारी लेंगे कि भगवान ना करें अगर कोई हादसा हुआ तो जिम्मेदारी हमारी होगी क्योंकि शिवगंज का बाजार इस काम्प्लैक्स के आसपास ही सबसे ज्यादा दुकाने चूड़ियों कपडों सोने चांदी की दुकान कपड़ों की दुकान वह बड़े-बड़े कपड़ों के शोरूम जिसमें एक दुकान में करोड़ों रुपए का सामान होगा सोना चांदी की भी दुकान है इस काम्प्लैक्स के अंदर है बड़ी-बड़ी इलेक्ट्रिक दुकान आदमीओ की शादियों के ड्रेस शेरवानी सहित कोट सूट की भी एक दुकान में करोड़ों का सामान होगा और प्रशासन कोई जवाबदारी नहीं ले रहा है सिर्फ इंतजार कर रहा है की हादसा कब हो और लाशों की गिनती नहीं कर पाएंगे की कितने मारे जाएंगे क्योंकि काम्पलैक्स के बहार निकलने वाले रास्ते पर भी लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है और काम्पलैक्स के बहार अपनी मोटरसाइकिल खडी कर अतिक्रमण करके बैठे रहते हैं ऐसा नहीं हो की कुछ आगे नहीं होने के बाद लोग भाग कर बाहर दौड़ सकते हैं और बस सकते हैं नहीं बस पाएंगे सैकड़ो लोगों की जान जाएगी ऐसे काम्पलैक्स मालिक के विरुद्ध वह पालिका प्रशासन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर उन्हें जेल भेजना चाहिए क्योंकि गरीब परिवार के भी बच्चे यहां सैठो के वहाँ नौकरी करते हैं सैकड़ो सेठ लोग हैं वह उनके परिवार के लोग हैं लाखों लोग इस काम्प्लैक्स में आते जाते रहते हैं फिर भी प्रशासन चुप क्यों बैठा है इस काम्प्लैक्स में कुछ पांच माले बना हुआ है इसमें अंडरग्राउंड मे गोदाम वह अंडरग्राउंड दुकाने ग्राउंड फ्लोर सहित ऊपर तीन मंजिला जिसमें करीब 400 दुकान हैं सब दुकानों में धंधा चालू है फिर भी प्रशासन मौन क्यों बैठे हैं जब हजारो की जान जाएगी वह करोड़ों रुपए की जनहानी होगी तब जाकर प्रशासन कोई कार्रवाई करेगा या इन सैठो के आगे चुपचाप बैठ जाएगा क्योंकि मरने वाले तो दुकानदार वह उनके नौकर होंगे या बहार गांव से आने वाले आम नागरिक होंगे महिलाएं बच्चे बुजुर्ग भी होंगे शहर के नागरिकों सहित सैकड़ों की जनहानी होगी क्यू की ईस काम्पलैक्स मे सुरक्षा उपकरण नही लगे हुए हैं इसकी जांच होनी चाहिये










इनका क्या कहना है

शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र के मुख्य बाजार मे सबसे बडा व सबसे पुराना सबसे ज्यादा भष्ट्राचार करके बना आर के काम्पलैक्स ईसमे भवन निर्माण स्वीकृति भी नियमों के विपरीत हुई है इसकी पार्किंग भी खा गए सेठ लोग इनहोने पिछे रूप बाग कोलोनी मे दरवाजे को बंद कर दिया गया है ईसका विधुत ट्रांसफर भी अंदर डाल दिया गया है सभी दुकानों के मीटर भी अंदर डाल दिया है सभी दुकानों मे ऐ सी लगी हुई है जो कभी बडी जनहानी होगी क्यू की ईस काम्पलैक्स मे सबसे ज्यादा कपडों की दुकाने है जो बडी आगजनी होगी ईस काम्पलैक्स से आने जाने का रास्ता एक ही है कभी बडी जनहानी होगी तब सैकडों जनहानी होगी व अरबों रुपये की धनहानी होंगी

जैसाराम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एव वन विकास समिति शिवगंज

शिवगंज शहर के सभी काम्पलैक्सो मे पार्किंग की समस्या है सभी ने कब्जा करके पार्किंग बेच दी है ईन लोगो ने शहर के सभी काम्पलैक्स की जाँच होनी चाहिए और कभी बडी जनहानी नही हो प्रशासन को पाबंद करे वह दोषी अधिकारीयों व बाबुओं के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए व सभी मे पार्किंग व साईड बैक होनी चाहिए

सीमादेवी माली पार्षद नगर पालिका शिवंगंज

# यूपीएस के विरोध में महासंघ की रैली में सैकड़ो शिक्षक भाग लेंगे : गहलोत

द पुलिस पोस्ट



**सिरोही-** यूपीएस के विरोध में 26 सितंबर को राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के बैनर तले राष्ट्रव्यापी आव्हान के तहत आयोजित रैली में राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) की जिला एवं पांचो ब्लाक कार्यकारिणी सहित सैकड़ो शिक्षक शिरकत करेंगे संघ (प्रगतिशील) के जिलाध्यक्ष देवेश खत्री एवं जिलामंत्री इनामुल हक कुरैशी ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि यूपीएस के विरोध एवं आठवां वेतन आयोग गठन सहित विभिन्न मांगों को लेकर महासंघ के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित रैली में आधिकाधिक संख्या में शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक वार सिरोही अध्यक्ष इंद्रमल खंडेलवाल, शिवगंज अध्यक्ष छगनलाल भाटी, पिंडवाड़ा अध्यक्ष मनोहर सिंह चौहान, रेवदर अध्यक्ष राहुल कुमार, आबूरोड अध्यक्ष सत्यनारायण बैरवा को निर्देश दिए गये हैं उन्होंने बताया कि शिक्षक समुदाय की एक ही पुकार है कि यूपीएस किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं होगी क्योंकि पुरानी पेंशन योजना में ही कर्मचारियों का जीवन सुरक्षित है।

# कस्बे में फर्जी रजिस्ट्री मामले में तहसीलदार आसींद ने कराया मामला दर्ज

द पुलिस पोस्ट

## डमी महिला द्वारा पंजीयन करा दो व्यक्तियों के नाम खुले थे म्यूटेशन

**दिनेश साहू आसींद** : डमी महिला द्वारा आसींद उप पंजीयन कार्यालय में दो व्यक्तियों के नाम फर्जी रजिस्ट्री करा संपत्ति हड़पने के मामले को लेकर आसींद तहसीलदार भंवरलाल सेन द्वारा आसींद थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया गया ' तहसीलदार सेन जानकारी देते हुए बताया की सोमवार को गीता पत्नी पुरुषोत्तम जाति छड़ीदार तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर अपने नाम कुछ दिनों पूर्व अन्य किसी डमी गीता नाम की महिला



द्वारा उप पंजीयक कार्यालय में उपस्थित होकर रजिस्ट्री करने की बात बताई ' जमीन के वास्तविक खातेदार गीता द्वारा बताया गया कि उसने किसी तरह अपनी जमीन किसी भी व्यक्ति को बेची नहीं है ' उक्त महिला का प्रार्थना पत्र तहसीलदार भंवरलाल सेन के समक्ष प्राप्त होने पर इसकी संक्षिप्त जांच करने पर प्रथम दृष्टियां उक्त प्रकरण में अपराधकारित होने की संभावना प्रतीत होने पर उक्त प्रकरण का विस्तृत अनुसंधान कर दोषी व्यक्तियों को दंडित कराने हेतु प्रथम सूचना रिपोर्ट पुलिस थाना आसींद में दर्ज करवाई गई । उक्त प्रकरण में थाना अधिकारी आसींद द्वारा विस्तृत जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी । तहसील कार्यालय में मेरे समक्ष गीता पत्नी पुरुषोत्तम नाम की महिला उपस्थित हुई महिला द्वारा बताया गया कि मेरे नाम की अन्य डमी महिला को उपस्थित कर मेरे खातेदारी की जमीन अन्य व्यक्तियों को बेचान कर दी गई, जिस पर आसींद पुलिस थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया गया है जहां पुलिसअनुसंधान किया जा रहा हे

**भंवरलाल सेन तहसीलदार आसींद**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक उपेन्द्रसिंह राठौड़, अम्बर ऑफसेट प्रा।लि।डीएल टॉवर, 3ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित एवं भू-तल ऑरबिट मॉल, सिविल लाइंस, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित, 99280-96524, पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, अनिल मलिक (सहसंपादक) 8696750000, पंकज गर्ग (प्रबंध संपादक) 01482-455184, 9214417111